राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 336
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 29 अक्टूबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 हाईकोर्ट ने कहा- टीचरों का मानसिक उत्पीड़ न हो रहा
पेज 4 जिलाधिकारी ने पराली न जलाने हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी
पेज 6 जसप्रीत बुमराह के पास इतिहास रचने का मौका, रिकॉर्ड तोड़ने से

## संक्षिप्त खबरें

### एक्स-अग्निवीरों को प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसियों में भर्ती कराएं

दिल्ली। केंद्र ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे एक्स-अग्निवीरों की प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसियों और ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में भर्ती पक्का करें, क्योंकि उन्हें आर्म्ड फोर्सेज में काम करने का अनुभव है। एक्स-अग्निवीरों का आर्म्ड फोर्सेज में टर्म पूरा होने पर उनके आगे के करियर प्रोग्रेस के हिस्से के तौर पर गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लेटर भेजा है। जून 2022 में, सरकार ने तीनों सेनाओं की एज प्रोफाइल को कम करने के मकसद से अग्निपथ रिक्रूटमेंट स्कीम शुरू की थी।

### दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर बस में आग लगी

नई दिल्ली। दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर मंगलवार दोपहर एअर इंडिया के विमान से कुछ मीटर दूर खड़ी एक बस में अचानक आग लग गई। यह बस एअर इंडिया SATS एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की थी, जो कई एयरलाइंस के लिए ग्राउंड सर्विस देती है। आग लगने के समय बस में कोई यात्री मौजूद नहीं था। फिलहाल यह साफ नहीं हो सका है कि इस घटना में कोई घायल हुआ या नहीं। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें बस पूरी तरह आग की लपटों में घिरी दिखाई दे रही है। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है। जांच जारी है।



### हैप्पी मॉर्निंग


पति ने पत्नी को वश में करने के लिए एक बाबा से ताबीज लिया
एक महीने बाद राजू, बाबा के पास आकर बोला-
बाबा पत्नी पर तो कोई असर नहीं हुआ, लेकिन पड़ोसन वश मे आ गई बाबा- चलो इफेक्ट न सही, साइड इफेक्ट तो हुआ......



### शायरी

रंजिशे हैं अगर दिल में कोई तो खुलकर गिला करो ।
मेरी फितरत ऐसी है कि मैं फिर भी हँस कर मिलूंगा ।।

### अर्थसार



संसेक्स:
84,628.16
-150.69 (0.18%)
निफ्टी:
25,936.20
-29.85

### मौसम



अधिकतम : 29 डिग्री से0
न्यूनतम : 18 डिग्री से0
सूर्योदय गुरुवार : 6 : 33
सूर्यास्त बुधवार : 5 : 39

## छठ पर्व



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना में छठ पूजा उत्सव के अंतिम दिन अनुष्ठान करते हुए।

# दिल्ली में क्लाउड सीडिंग के बाद भी बारिश नहीं

**आप बोली- जो 2-3 बादल थे, वह भी चले गए; सरकार का दावा- ट्रायल सफल**

**दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण को कम करने के लिए क्लाउड सीडिंग का दूसरा और तीसरा ट्रायल मंगलवार को हुआ। पहला टेस्ट 23 अक्टूबर को हुआ था। दिवाली के बाद से लगातार एयर क्वालिटी में तेजी से गिरावट आई है। राजधानी की हवा की गुणवत्ता बेहद खराब बनी हुई है।

इसके लिए कानपुर से स्पेशल विमान सेसना ने उड़ान भरी थी। विमान ने खेकड़ा, बुराड़ी, मयूर विहार इलाके में 6 हजार फीट की ऊंचाई पर बादलों में दोपहर 2 बजे केमिकल छिड़का। आईआईटी कानपुर और दिल्ली सरकार ने बताया कि ट्रायल के 4 घंटे के अंदर कभी भी बारिश हो सकती है, लेकिन रात तक नहीं हुई।



### दिल्ली सरकार की रिपोर्ट में दावा- ट्रायल सफल रहा

इधर, दिल्ली सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक, मौसम में नमी कम (10-15 प्रतिशत) थी, जो क्लाउड सीडिंग के लिए आदर्श नहीं मानी जाती, फिर भी ट्रायल सफल रहा। इससे हवा में मौजूद डस्ट पार्टिकल (पीएम 2.5 और पीएम 10) की मात्रा में कमी दर्ज की गई है। ट्रायल के दौरान नोएडा और ग्रेटर नोएडा में हल्की बारिश हुई। वहीं, ट्रायल से पहले पीएम 2.5 का स्तर मयूर विहार, करोल बाग और बुराड़ी में क्रमश: 221, 230 और 229 था, जो ट्रायल के बाद घटकर 207, 206 और 203 रह गया। इसी तरह पीएम 10 का स्तर 209 से घटकर लगभग 170 के आसपास पहुंच गया।

### आप ने वीडियो बनाकर मजाक उड़ाया

आप नेता सौरभ भारद्वाज ने वीडियो बनाकर दिल्ली सरकार के इस ट्रायल का मजाक उड़ाया। हंसते हुए कहा, 4: 30 बज चुके हैं, बारिश नहीं है। उन्होंने कहा, बारिश में भी फर्जीवाड़ा, कृत्रिम वर्षा का कोई नामोनिशान नहीं दिख रहा है। इन्होंने सोचा होगा देवता इंद्र करेंगे वर्षा, सरकार दिखाएगी खर्चा।

# अब मोबाइल पर नंबर के साथ कॉलर का नाम दिखेगा

**धोखाधड़ी रोकने के लिए 'ट्राई' और 'डॉट' का फैसला, पिछले साल ट्रायल हुआ था**




**नई दिल्ली।** अब अननोन नंबर से कॉल आने पर आपके मोबाइल स्क्रीन पर कॉलर के नंबर के साथ ही उसका नाम भी दिखेगा। वो भी बिना किसी एप यूज किए। टेलीकॉम रेगुलेटर ट्राई और दूरसंचार विभाग ने मोबाइल कॉल से होने वाली धोखाधड़ी रोकने के लिए यह कदम उठाया है। यह नाम वही होगा जो यूजर ने मोबाइल नंबर कनेक्शन लेते समय आईडी प्रूफ में दिया होगा। यह डिफाल्ट सुविधा होगी। अगर कोई यूजर यह सुविधा नहीं चाहता, तो वह इसे डिएक्टिवेट भी करा सकेगा। इस सर्विस के लिए टेलीकॉम कंपनियों ने मुंबई और हरियाणा सर्किल में पिछले साल ट्रायल किया था।

### 3 पॉइंट्स में समझिए ट्राई और छश्क्ष में क्या तय हुआ

**पुराना सुझाव :** ट्राई ने फरवरी 2024 में कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन नाम की इस सर्विस के लिए डाट को जो सिफारिश भेजी थी, उसमें कहा गया था कि यह सर्विस तभी शुरू हो जब कॉल रिसीव करने वाला उपभोक्ता खुद इसके लिए रिक्वेस्ट करे।

**डाट की राय और बदलाव :** डाट ने ट्राई को वापस भेजे अपने पत्र में कहा कि यह सर्विस डिफॉल्ट मिलनी चाहिए। अगर किसी उपभोक्ता को यह सर्विस नहीं चाहिए, तो वह रिक्वेस्ट करके इसे बंद करवा सकता है।

**ट्राई की सहमति :** ट्राई ने डाट के इस विचार को मान लिया है और अब दोनों विभाग एकमत हैं।

### फ्रॉड कॉल रोकने के लिए बदलाव

यह कदम देशभर में धोखाधड़ी वाली कॉल्स और साइबर अपराधों जैसे डिजिटल अरेस्ट और वित्तीय घोटालों को रोकने के लिए उठाया गया है। इससे उपभोक्ता को पता होगा कि उसे कौन कॉल कर रहा है, जिससे वह फर्जी कॉल्स को पहचानने में सक्षम होगा।

# पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाला शख्स दिल्ली से गिरफ्तार

**कई साल से खुफिया जानकारी भेज रहा था; फेक पासपोर्ट-आईडी बरामद**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मंगलवार को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप है कि वह अपने भाई अख्तर हुसैनी के साथ मिलकर पाकिस्तान को सेंसिटिव जानकारी भेज रहा था। इसके अलावा नकली डॉक्यूमेंट्स का इस्तेमाल करके कई भारतीय पासपोर्ट बना रहा था।

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि पकड़े गए शख्स का नाम आदिल है। जमशेदपुर निवासी आदिल नकली पासपोर्ट बनाने के रैकेट से भी जुड़ा था। वह कई साल से दिल्ली में रह रहा था। पुलिस को आदिल के पास से कई नकली पासपोर्ट मिले हैं।

# महागठबंधन का हर घर में एक सरकारी नौकरी का वादा

**तेजस्वी ने घोषणापत्र जारी किया; 35 लाख बटाईदारों को जमीन का पहचान-पत्र देने का वादा**




**पटना।** महागठबंधन ने मंगलवार को अपना 32 पन्नों का चुनाव घोषणा-पत्र जारी किया। इसेतेजस्वी का प्रण बताया गया। बिहार के 35 लाख बटाइदारों को जमीन का पहचान-पत्र देने का वादा किया गया है। इससे उन्हें फसल बीमा, मुआवजा और सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा।

गठबंधन ने इस तरह बंदोपाध्याय कमेटी की अनुशंसा लागू करने का संकेत दिया है। इसमें वक्फ बोर्ड कानून को रद्द करने का वादा भी है। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों को 50 लाख तक का बीमा किया जाएगा।

इसके साथ ही 20 महीने में हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का ऐलान किया गया है। इसके लिए 20 दिन में अधिनियम बनाया जाएगा। इसके अलावा 5 एक्सप्रेस-वे बनाने और 200 यूनिट बिजली फ्री करने की भी घोषणा की गई है। महागठबंधन के घोषणा पत्र में युवाओं, महिलाओं, संविदा कर्मियों, पुराने पेंशनधारी, किसान और गरीब परिवारों के लिए भी कई वादे किए गए हैं।

### तेजस्वी के घोषणा पत्र में क्या-क्या है

8वीं से 12वीं तक के गरीब छात्रों को मुफ्त टैबलेट
इसके अलावा घोषणा पत्र में 8वीं से 12वीं तक के गरीब छात्रों को मुफ्त टैबलेट देने की घोषणा की गई है।
पेपर लीक पर कठोर कानून बनेगा
सहारा इंडिया के निवेशकों को पैसा वापस दिलाने के लिए एसआईटी बनेगी।
महिला कॉलेज, 136 नए डिग्री कॉलेज।
हर व्यक्ति को25 लाख तक मुफ्त स्वास्थ्य बीमा।
मनरेगा मजदूरी 300 और काम के दिन 200...।
500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर मिलेगा।
ओबीसी, एससी/एसटी आरक्षण बढ़ाकर नौवीं अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव।

# जयपुर- हाईटेंशन लाइन से बस में आग, सिलेंडर में ब्लास्ट : 2 की मौत, 10 से ज्यादा झुलसे

**चश्मदीद बोले- ड्राइवर-कंडक्टर जिम्मेदार**

एजेंसी

**जयपुर।** जयपुर में मंगलवार को एक बस हाईटेंशन लाइन से टकरा गई। बस में करंट आ गया, जिसके बाद आग लग गई। हादसे में उत्तर प्रदेश के रहने वाले 2 लोगों की मौत हो गई, 10 मजदूर झुलस गए।

बस के ऊपर सिलेंडर भी थे, जिनमें से एक में विस्फोट हुआ है। मामला जयपुर शहर से 50 किलोमीटर दूर मनोहरपुर इलाके का है।

जयपुर कलेक्टर जितेंद्र सोनी ने बताया कि 65 मजदूरों को टोडी स्थित




ईंट भट्टे पर लाया जा रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया। इसमें गंभीर रूप से घायल 5 लोगों को जयपुर रेफर किया गया है।

देश में बीते 15 दिनों में बस में आग की यह 5वीं घटना है। इससे पहले 14 अक्टूबर को जैसलमेर में बस में आग लगी थी। इसके बाद 24, 25 और 26 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश, यूपी और एमपी में भी ऐसे ही हादसे हुए।

### घायल जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती

बस हादसे की जानकारी मिलते ही जयपुर कलेक्टर जितेंद्र सोनी भी मौके पर पहुंचे।

उन्होंने बताया कि बस में 65 यात्री थे। सभी उत्तर प्रदेश के पीलीभीत के रहने वाले हैं। यहां मजदूरी के लिए ईंट भट्टे पर आए थे।

भट्टे पर पहुंचने से करीब 300 मीटर पहले हादसा हो गया। हादसे में नसीम (50) और सहीनम (20) की मौत हो गई।

# आंध्र प्रदेश में 5.30 घंटे चला मोन्था का लैंडफॉल

**काकीनाडा से ओडिशा की ओर बढ़ा, सुबह तक पहुंचेगा; महिला की मौत और 2 घायल**

**नई दिल्ली/ अमरावती/ भुवनेश्वर।** चक्रवात मोन्था का मंगलवार शाम 7.30 बजे से आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम तट से टकराना (लैंडफॉल प्रोसेस) शुरू हुआ था, जो देर रात 1 बजे तक चला। इस दौरान इसकी रफ्तार 100 किमी के करीब रही। इस 5.30 घंटे के पीरियड के दौरान मछलीपट्टनम में कई जगह पेड़ गिरे, समुद्र किनारे के मकान ढह गए।

कई इलाकों में बिजली के तार टूट गए और पोल गिरे। शहर की बिजली



व्यवस्था ठप हो गई। कोनासीमा में घर पर पेड़ गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत हुई। 2 अन्य भी पेड़ गिरने की घटना में घायल हुए। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 6 घंटे में मोन्था भयंकर तूफान से साइक्लोनिक तूफान में बदल जाएगा। इसकी इंटेंसिटी कम हो जाएगा। ये आंध्र प्रदेश-यनम तट को पार कर काकीनाडा के दक्षिण में आगे ओडिशा की ओर बढ़ गया है। मोन्था ने 300 किमी का एरिया कवर किया हुआ है। ओडिशा में सुबह तक पहुंचेगा। यहां के 8 जिले (दक्षिण) गंजम, गजपति, रायगढ़ा, कोरापुट, मलकानगिरी, कंधमाल, कालाहांडी और नबरंगपुर में चक्रवात का असर है।

# केंद्र ने 8वें वेतन आयोग की शर्तों को मंजूरी दी

**एक जनवरी से लागू हो सकता है, 50 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनरों को फायदा होगा**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार, 28 अक्टूबर को 8वें वेतन आयोग के टर्म्स ऑफ रेफरेंस यानी शर्तों को मंजूरी दे दी है।

अब कमीशन के गठन के बाद ये अपनी सिफारिशें 18 महीने के अंदर देगा। इसके बाद 1 जनवरी 2026 से नया वेतन मान लागू हो सकता है।

हालांकि, पुराने ट्रेंड को देखते हुए सिफारिशों को पूरी तरह इम्प्लीमेंट होने में 2028 तक का इंतजार करना



पड़ सकता है। यानी, कर्मचारियों को 17-18 महीने का एरियर एकमुश्त या किस्तों में मिलेगा। इससे 50 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनर्स को फायदा होगा।

सरकार ने जनवरी 2025 में ही इस कमीशन के गठन का ऐलान किया था।

अब टर्म्स ऑफ रेफरेंस को मंजूरी देने का मतलब ऐसे दस्तावेज से है जो बताता है कि आयोग का काम क्या है, काम कैसे होगा, कितने समय में होगा, कौन-कौन शामिल होंगे।

### रंजन प्रकाश देसाई होंगी कमीशन की चेयरपर्सन

कमीशन की चेयरपर्सन सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजन प्रकाश देसाई होंगी।

आईआईएम बेंगलुरु के प्रोफेसर पुलक घोष पार्ट-टाइम मेंबर और पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस के सेक्रेटरी पंकज जैन 8वें वेतन आयोग के मेंबर-सेक्रेटरी होंगे।

## बड़ा हादसा

**छठ के बाद तालाब की ओर से खेलने गई थी, पैर फिसलने से गहरे पानी में गई**

# झारखंड : हजारीबाग में एक ही परिवार की चार बच्चियों की मौत

एजेंसी

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड के झरदाग गांव में मंगलवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना हुई।

एक ही परिवार की चार बच्चियां घर के पास स्थित तालाब में डूब गईं। बताया गया कि छठ महापर्व संपन्न होने के बाद सभी बच्चियां घर के पास तालाब में खेलने गई थीं।

खेलते-खेलते एक बच्ची का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई। उसे बचाने के प्रयास में अन्य तीन बच्चियां भी पानी में उतर गईं और चारों की डूबने से मौत हो गई।



### गांव में मचा कोहराम, परिजन बेसुध

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बच्चियों की चीख-पुकार सुनकर जब लोग तालाब की ओर दौड़े, तब तक सभी चारों बच्चियां पानी में डूब चुकी थीं। ग्रामीणों ने किसी तरह उन्हें बाहर निकाला और स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

मृत बच्चियों की पहचान रिंकी कुमारी, रिया कुमारी, साक्षी कुमारी और पूजा कुमारी के रूप में की गई है। ये सभी आपस में बहनें थीं और एक ही परिवार से ताल्लुक रखती थीं। पूरे गांव में इस घटना के बाद मातम छा गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि पूरे इलाके में गमगीन माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यह परिवार हर साल छठ पर्व बड़े उत्साह से मनाता था, लेकिन इस बार खुशियां मातम में बदल गईं।

### प्रशासन मौके पर पहुंचा, सहायता का आश्वासन

घटना की सूचना मिलते ही कटकमसांडी थाना प्रभारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता मौके पर पहुंचे। पुलिस ने चारों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

अंचल अधिकारी ने कहा कि प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ है और आपदा राहत कोष से मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि बच्चों को तालाब या गहरे पानी के पास खेलने से रोकें ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। हादसे के बाद पूरे झरदाग गांव में सन्नाटा पसरा है और हर आंख नम है।

# राजस्थान में अब स्कूलों-ऑफिसों में राष्ट्रगान और वंदे मातरम गाना अनिवार्य

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब राज्य के सभी सरकारी स्कूलों और दफ्तरों में हर दिन की शुरुआत राष्ट्रगान से और अंत राष्ट्रगीत से होगी। राज्य के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सोमवार को यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह नियम शिक्षा, संस्कृत शिक्षा और पंचायती राज विभागों के सभी कार्यालयों में लागू होगा।

मंत्री ने बताया कि सिर्फ वे अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षक ही हाजिर माने जाएंगे जो राष्ट्रगान के समय मौजूद रहेंगे। हर स्कूल और दफ्तर को रोजाना जियो-टैग्ड फोटो विभाग को भेजनी होगी, जिससे निगरानी हो सके। इसके अलावा, जो लोग देर से आएंगे या राष्ट्रगान-गीत में शामिल नहीं होंगे, उन पर कार्रवाई की जाएगी।

### 2026 से एक जैसी यूनिफॉर्म

राज्य सरकार ने यह भी तय किया है कि 2026 के नए सत्र से सरकारी और निजी दोनों स्कूलों में एक जैसी यूनिफॉर्म लागू होगी।

लड़कियों के लिए स्कर्ट-शर्ट या सलवार-कुर्ता और लड़कों के लिए शर्ट-पैंट या हाफ पैंट का प्रस्ताव है। टाई को यूनिफॉर्म से हटाने की भी योजना है। सभी स्कूलों की निगरानी जिला, ब्लॉक और पंचायत स्तर के अधिकारी करेंगे।

अगले सत्र से सभी छात्र-शिक्षक को पहचान पत्र रखना जरूरी होगा। साथ ही, सरकार एसएमएस के जरिए अभिभावकों को बच्चों की उपस्थिति की सूचना भेजेगी, ताकि निगरानी और पारदर्शिता बनी रहे।

# संपादकीय

## 'जब ईश्वर मर गया, और मनुष्य जाग उठा'



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

'नास्तिकता का अर्थ भगवान का इंकार नहीं, बल्कि इंसान की ज़िम्मेदारी का स्वीकार है।'

### धर्म की नींव हिली, सोच की शुरुआत हुई

21वीं सदी का भारत और विश्व, एक विचित्र संक्रमण से गुजर रहा है —
जहाँ मंदिरों में भीड़ है, मगर दिलों में खालीपन है।
जहाँ धर्म के नाम पर युद्ध हैं, पर इंसानियत की कब्रें भी वहीं हैं।
जहाँ ईश्वर के नाम पर चंदे के साम्राज्य हैं, पर मानवता के नाम पर दिवालियापन है।

### नए युग का मनुष्य अब प्रश्न कर रहा है —

'अगर भगवान है, तो अन्याय क्यों है?
अगर कर्म का फल है, तो भुखमरी क्यों है?'
आज जरूरत है कि हम धर्म के अंधविश्वास से नहीं, तर्क के उजाले से चलें।
क्योंकि इतिहास गवाह है — सभ्यताएँ तब आगे बढ़ीं जब लोगों ने 'विश्वास' नहीं, 'प्रश्न' करना सीखा।

### जब नास्तिकता बनी प्रगति की जननी

दुनिया की हर बड़ी खोज — विज्ञान, तर्क, लोकतंत्र, मानवाधिकार — नास्तिक मन के संदेह से जन्मी है।
- गैलीलियो ने कहा कि धरती सूर्य के चारों ओर घूमती है — चर्च ने उसे जेल में डाल दिया। पर उसी 'नास्तिकता' ने विज्ञान की नींव रखी।
- चार्ल्स डार्विन ने कहा कि मनुष्य बंदर से विकसित हुआ — धर्मगुरुओं ने उसे विधर्मी कहा, लेकिन मानव विकास की सच्चाई आज स्कूलों में पढ़ाई जाती है।
- स्टीफन हॉकिंग, रिचर्ड डॉकिंस, एलन ट्यूरिंग, मैरी क्यूरी, टेस्ला — इन सबने किसी मंदिर या मस्जिद में नहीं, प्रयोगशाला में 'ईश्वर' को खोजा — और पाया कि प्रकृति के नियम ही सबसे बड़ा धर्म हैं।

### नास्तिकता ने हमें सिखाया कि —

'सत्य तर्क से जन्मता है, पूजा से नहीं।'
सत्य प्रयोगशाला में पैदा होता है, न कि प्रवचन में।

### धर्म ने क्या दिया — और क्या छिपा लिया

धर्म ने मनुष्य को भय दिया — 'पाप का', 'नरक का', 'ईश्वर के क्रोध का।'
पर इंसान को विवेक नहीं दिया।
धर्म ने युद्ध दिए — क्रूसेड्स, जिहाद, साम्प्रदायिक दंगे, धर्मांतरण और शोषण की रक्तधारा।
हर धर्म के नाम पर किसी न किसी निर्दोष की बलि दी गई — कभी गैलीलियो, कभी सुकरात, कभी बुद्ध, कभी इमाम हुसैन।
धर्म ने राजाओं को ईश्वर का प्रतिनिधि और जनता को ईश्वर का गुलाम बना दिया।
और आज वही सत्ता, लोकतंत्र की पोशाक पहनकर वही पुरानी चाल चल रही है — भीड़ को भक्त बना दो, सवाल खत्म हो जाएगा।

### नास्तिकता — जहाँ मनुष्य खुद अपना ईश्वर बनता है

नास्तिकता यह नहीं कहती कि 'भगवान नहीं है।'
वह कहती है — 'अगर है, तो भी मैं उससे बड़ा नहीं, लेकिन स्वतंत्र हूँ।'
क्योंकि जब मनुष्य खुद को जिम्मेदार मानता है, तब समाज बदलता है।

### मार्क्स ने कहा था —

'धर्म जनता का अफ़ीम है।'
और उस अफ़ीम से मुक्त होना ही चेतना की शुरुआत है।

### ओशो ने कहा —

'भगवान से डरने वाला इंसान कभी सच्चा इंसान नहीं बन सकता।
सच्चा मनुष्य वही है जो खुद से प्रेम करता है, खुद से सवाल करता है, और खुद अपने कर्म का मालिक होता है।'

### बुद्ध ने कहा —

'दीपक बनो अपने लिए।'
यह नास्तिकता की पराकाष्ठा है —
जहाँ आदमी किसी अदृश्य शक्ति से नहीं, अपने विवेक से प्रेरित होता है।

### आज का सन्दर्भ — जब मंदिर ऊँचे और इंसान छोटे हो गए

आज हमारे देश में हर जगह मंदिर मस्जिद है,
पर हर गाँव में स्कूल नहीं।
हर शहर में धर्मयुद्ध की सभाएँ हैं,
पर अस्पतालों में डॉक्टर नहीं।
हमने विज्ञान को त्यागकर फिर तांत्रिकों को गुरु बना लिया है —
यही हमारी सबसे बड़ी आत्मघाती भूल है।
अगर यही ईश्वर का राज्य है, तो फिर मनुष्य का राज्य कहाँ है?

### नास्तिकता हमें यही सिखाती है —

मंदिर मस्जिद नहीं, मानव का चेहरा ईश्वर का सच्चा रूप है।
अगर तुम भूखे को रोटी दे दो, तो वही पूजा है। वही इबादत है
अगर तुम किसी अन्याय के खिलाफ खड़े हो जाओ, तो वही आराधना है।

### नास्तिकता ही आधुनिक मानवता की आत्मा है

धर्म ने हमें विभाजित किया —
नास्तिकता हमें एक करती है।
धर्म ने हमें आदेश दिए —
नास्तिकता हमें सोचने की स्वतंत्रता देती है।
धर्म ने हमें झुकना सिखाया —
नास्तिकता हमें खड़ा होना सिखाती है।
जब मनुष्य प्रश्न करता है, तभी सभ्यता प्रगति करती है;
जब वह प्रार्थना करता है, तो इतिहास ठहर जाता है।
नास्तिकता कोई अपमान नहीं —
यह मनुष्य का आत्मसम्मान है।
क्योंकि जब इंसान 'भगवान' पर नहीं, 'मानव' पर विश्वास करना सीख जाता है, तभी धरती पर सच्चा स्वर्ग उतरता है।

'ईश्वर को खोजने की ज़रूरत नहीं,
बस इंसान को पहचानो —
वही ईश्वर है, जो अभी तक भूखा है।'

# जब डोनाल्ड ट्रंप और शी जिनपिंग की कटुता कम होगी तो भारत व अन्य देश भी लाभान्वित होंगे!

कमलेश पांडे

अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों के मुताबिक, जहां ट्रंप ने आने वाली पहली बातचीत में फेंटेनाइल मुद्दा उठाने की बात कही है, वहीं शी जिनपिंग ने भी वार्ता को रचनात्मक बताया। अगली मुलाकात आगामी 30 अक्टूबर को साउथ कोरिया के बुसान में होगी, जहां एपीईसी सम्मेलन भी आयोजित हो रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की आसियान बैठक के बहाने हुई मुलाकात में मुख्यत: व्यापारिक तनाव को कम करने और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने पर गम्भीरता पूर्वक चर्चा हुई। बताया जाता है कि दोनों देशों ने टैरिफ, निर्यात नियंत्रण, कृषि उत्पादों के व्यापार, और फेंटेनाइल तस्करी जैसे अहम मसलों पर बातचीत की। खास बात यह रही कि बातचीत के दौरान अमेरिका ने चीन पर फेंटेनाइल की तस्करी का आरोप लगाया, जिसे ट्रंप ने अपनी बातचीत का मुख्य मुद्दा बनाया।

इसके अलावा, रूस से तेल खरीद, अमेरिकी किसानों से आयात, व्यापार असंतुलन जैसे विषय भी बैठक में उठाए गए। यही वजह है कि दोनों देशों ने व्यापार युद्ध को खत्म करने और वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिए बुनियादी सहमति पर पहुंचने की कोशिश की है। गौरतलब है कि दोनों देशों ने ही मुलाकात की पुष्टि की है, और यह माना जा रहा है कि संबंधों में सुधार की दिशा में यह एक सकारात्मक कदम है।

अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों के मुताबिक, जहां ट्रंप ने आने वाली पहली बातचीत में फेंटेनाइल मुद्दा उठाने की बात कही है, वहीं शी जिनपिंग ने भी वार्ता को रचनात्मक बताया। अगली मुलाकात आगामी 30 अक्टूबर को साउथ कोरिया के बुसान में होगी, जहां एपीईसी सम्मेलन भी आयोजित हो रहा है। इस बैठक में ताइवान और हांगकांग जैसे संवेदनशील मुद्दों पर भी चर्चा होने की उम्मीद है, जिसमें ट्रंप ने लोकतंत्र समर्थक नेता जिमी लाई की रिहाई का मुद्दा उठाने की बात कही है।

कुल मिलाकर, यह मुलाकात अमेरिका-चीन के बीच बढ़ते व्यापारिक और राजनीतिक तनाव को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है जो वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वहीं, ट्रंप और शी जिनपिंग की आसियान बैठक में हुए व्यापार समझौते के प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं :-

**पहला, व्यापार युद्ध विराम विस्तार** : दोनों देशों ने व्यापार युद्ध विराम समझौते को विस्तारित करने पर सहमति बनाई, जिससे व्यापारिक तनाव कम होगा।

**दूसरा, टैरिफ वार टालना** : अमेरिका ने 1 नवंबर से चीन पर 100त्न टैरिफ लगाने की धमकी की थी, जिसे समझौते के तहत टाला गया। चीन ने अमेरिकी टैरिफ और निर्यात प्रतिबंधों पर सौहार्दपूर्ण वार्ता की सहमति दी।

**तीसरा, फेंटेनाइल नियंत्रण** : व्यापार के अलावा, फेंटेनाइल तस्करी के मुद्दे पर भी चर्चा हुई, जिसे अमेरिकी पक्ष ने गंभीरता से उठाया।

**चतुर्थ, निर्यात नियंत्रण** : चीन के रेयर अर्थ मिनरल्स और अन्य प्रमुख विनिर्माण इनपुट पर निर्यात नियंत्रण पर बातचीत हुई, जिससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला स्थिर रह सके।

**पंचम, कृषि एवं तेल आयात** : अमेरिकी किसानों से फसल खरीद और रूस से तेल खरीद को लेकर भी बहस हुई, जो दोनों देशों के बीच व्यापार असंतुलन को कम करने में मदद करेगी।

**षष्टम, वैश्विक आर्थिक स्थिरता** : दोनों नेताओं ने वैश्विक बाजारों में स्थिरता बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई।

समझा जाता है कि इस समझौते से अमेरिका-चीन के व्यापारिक विवादों में कमी आने और वैश्विक आर्थिक दुष्प्रभावों को कम करने की उम्मीद है। इसप्रकार से यह बैठक रणनीतिक आर्थिक सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक, ट्रंप और शी जिनपिंग ने टैरिफ और निर्यात नियंत्रण पर महत्वपूर्ण बातें कही हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बताया कि अमेरिका ने चीन पर 100 प्रतिष्ठित टैरिफ लगाने की योजना को अब टाल दिया है, जिससे बड़े टैरिफ युद्ध की आशंका कम हो गई है। दोनों देशों ने चीन की दुर्लभ पृथ्वी मृदा पदार्थों के निर्यात नियंत्रण को कुछ समय के लिए स्थगित करने पर सहमति जताई है। इस समझौते को लेकर दोनों पक्षों की बातचीत को रचनात्मक और गहन बताया गया है।

वहीं, चीन ने भी यह खुलकर माना है कि निर्यात नियंत्रण को लेकर प्रतिबंधों में ढील दी जा सकती है, जिससे वैश्विक सप्लाई चेन में स्थिरता बनी रहे। इस कदम से व्यापार में संतुलन आएगा और दोनों देशों के बीच तनाव कम होगा। इसके साथ ही, व्यापार युद्ध को खत्म कर आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

बता दें कि इस सबके पीछे प्रमुख कारण अमेरिका द्वारा 1 नवंबर से नए 100 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की धमकी थी, जिसे चर्चा के बाद टाला गया। दोनों नेताओं की मुलाकात में इन मुद्दों को लेकर गंभीर और सकारात्मक बातचीत हुई है, जिससे व्यापारिक संबंध बेहतर हो सकेंगे।

इसलिए, टैरिफ टालने और निर्यात नियंत्रण पर सहमति ने आगामी व्यापारीय विवादों को कम करने का मार्ग प्रशस्त किया है और एक संतुलित, स्थिर व्यापारिक वातावरण बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

इन बातों से स्पष्ट है कि ट्रंप और जिनपिंग की मुलाकात के वैश्विक मायने बड़े और कई पक्षों से देखे जा सकते हैं। कुल मिलाकर यह बैठक अमेरिका और चीन के बीच बढ़ रहे व्यापारिक तनाव, विशेषकर टैरिफ विवाद पर समाधान की उम्मीद जगाती है। बताया जाता है कि आगामी 30 अक्टूबर को दक्षिण कोरिया में दोनों देश के नेता मिलेंगे और अमेरिका द्वारा चीन पर लगाए गए 155 प्रतिशत से अधिक टैरिफ के मुद्दे पर बातचीत करेंगे, जिससे वैश्विक व्यापार में स्थिरता आ सकती है।

इसके अलावा, इस मुलाकात में ताइवान की स्थिति, यूक्रेन युद्ध, और फेंटेनाइल की तस्करी जैसे संवेदनशील मुद्दों पर भी चर्चा होगी। ट्रंप ने कहा है कि उनका उद्देश्य किसानों के हितों का संरक्षण करते हुए दोनों देशों के बीच व्यावहारिक और पूर्ण समझौता करना है। कहना न होगा कि यदि यह वार्ता सफल होती है, तो इससे न केवल अमेरिका और चीन के द्विपक्षीय संबंध सुधरेंगे, बल्कि वैश्विक बाजारों में भी स्थिरता आएगी और ब्रिक्स देशों जैसे विकासशील देशों की स्थिति पर असर पड़ेगा। कुलमिलाकर यह मुलाकात एशिया-प्रशांत क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

संक्षेप में यदि कहा जाए तो, ट्रंप-जिनपिंग की मुलाकात विश्व के दो प्रमुख शक्तिशाली राष्ट्रों के बीच आर्थिक, कूटनीतिक और क्षेत्रीय स्थिरता हेतु निर्णायक क्षण है, जिसका प्रभाव वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था पर गहरा होगा। ट्रंप-जिनपिंग की मुलाकात के संदर्भ में ताइवान नीति पर संभावित बदलावों के संकेत कुछ मुख्य बिंदुओं से समझे जा सकते हैं–

पहला, अमेरिका ने हाल ही में ताइवान को लेकर अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर भाषा में बदलाव किए, जिससे चीन नाराज हुआ। अमेरिका का कहना है कि वह ताइवान में शांति और स्थिरता का समर्थन करता है और किसी भी एकतरफा बदलाव का विरोध करता है, लेकिन चीन इसे अमेरिका की गलत नीति मानता है। यह संकेत देता है कि अमेरिका ताइवान के साथ अपने अनौपचारिक संबंधों को जारी रखेगा पर चुनौतीपूर्ण स्थिति बनी रहेगी।

दूसरा, ट्रंप प्रशासन ने अपने सहयोगी देशों से पूछा है कि यदि चीन ताइवान पर हमला करता है तो उनका क्या रुख होगा। इसका मतलब यह है कि अमेरिका संभावित सैन्य संघर्ष की स्थिति के लिए बहुपक्षीय समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहा है, जो ताइवान के मुद्दे को और अधिक संवेदनशील बना सकता है।


तीसरा, ट्रंप की जिनपिंग से मुलाकात में ताइवान मुद्दे पर बातचीत होने की पुष्टि हुई है, जिसमें ट्रंप ने कहा कि वे ताइवान के लिए सम्मान रखते हैं और इस विषय पर चर्चा करेंगे। यह दर्शाता है कि अमेरिका ताइवान नीति में किसी बड़े बदलाव की संभावना पर विचार कर रहा है, खासकर चीन के साथ तनाव के बीच।

चतुर्थ, भारत ने भी ताइवान पर अपना रुख अभी तक नहीं बदला है। भारत का ताइवान के साथ संबंध मुख्य रूप से आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक क्षेत्रों में है, और वह 'एक चीन नीति' के तहत इसका सम्मान करता है। भारत इस मामले में संतुलित और स्वतंत्र विदेश नीति अपनाए हुए है। इस प्रकार, ताइवान नीति पर संभावित बदलावों के संकेतों में अमेरिका की सशक्त और बहुपक्षीय रणनीति, चीन की सख्त प्रतिक्रिया, और ट्रंप-जिनपिंग वार्ता के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा प्रमुख हैं। यह स्थिति क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक शक्ति संतुलन दोनों के लिए संवेदनशील बनी हुई है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि ट्रंप-जिनपिंग की मुलाकात और इसके परिणाम ब्रिक्स देशों और भारत पर कई मायनों में असर डाल सकते हैं। सर्वप्रथम, इस बैठक से व्यापारिक टैरिफ विवादों में राहत मिल सकती है, जिससे ब्रिक्स देशों के आपसी व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। अमेरिका की टैरिफ नीतियों ने ब्रिक्स देशों, खासकर भारत और ब्राजील को प्रभावित किया है, और इसलिए अगर इन टैरिफ विवादों का समाधान होगा तो ब्रिक्स देशों के आर्थिक सहयोग में मजबूती आएगी। भारत और ब्राजील अब अमेरिकी व्यापारिक दबावों के खिलाफ नए बाजार खोजने और आपसी व्यापार बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, जो 'मेक इन इंडिया' सहित भारत की तकनीकी और औद्योगिक प्रगति में सहायक होगा।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3694




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

1 2 3 4
1
2
3

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 3693 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक अभिनेत्री ने ब्यूटी-क्लीनिक की मालकिन से अपने चेहरे के दाग को मिटाने का रेट पूछा.
'पांच सौ रुपये लगेंगे!'
'पांच सौ तो ज्यादा हैं!'
'फिर?'
'कोई सस्ता तरीका बताइए!'
'सस्ता नहीं मुफ्त का तरीका है.'
'कृपया जल्दी बताइये!'
'घूंघट निकालना शुरू कर दीजिए! आपका काम मुफ्त में बन जायेगा.'

□ □ □

एक आंखों के डाक्टर ने अपने एक सर्जन मित्र को नजर का चश्मा बनाकर दिया. संयोग से उसी दिन आंखों के डाक्टर को उसी सर्जन से अपना ऑपरेशन करवाना पड़ा.
फिर जब वह ऑपरेशन टेबल पर लेट गया तो सर्जन चश्मा लगाकर बोला- 'रेडी! मैं तैयार हो गया हूँ! अब तुम बताओ कि तुम कहां हो?'
आंखों का डाक्टर तुरन्त मेज से कूद पड़ा.

□ □ □

प्रशंसिका: ''आपके उपन्यास का अंतिम सीन बहुत अच्छा है.''
उपन्यासकार: ''उपन्यास के आरंभ के विषय में आपका क्या विचार है?''
प्रशंसिका: ''मैं उसे अभी पढ़ना शुरू करने वाली हूँ.''

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 3694



**बायें से दायें:-**

१. राजेश खन्ना, स्मिता की 'दुनिया में कितना गम है' गीत वाली फिल्म-३
३. बॉबी, काजोल, मीनाषा की 'दुनिया हसीनों का' गात वाली फिल्म-२
६. अनिल, मीनाक्षी की 'सौ सवालों का जवाब' गीत वाली फिल्म-३
७. 'यूं हसरतों के दाग' गात वाली प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
८. अनिल, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
९. 'काली नागिन के जैसी' गीत वाली फिल्म-२
१२. राजेश खन्ना को फिल्म जगत में किस नाम से जाना जाता है?-२
१४. फिल्म 'कॉफी हाउस' में नायिका कौन थी?-२
१६. 'आजकल पाँव जमी' गीत वाली विनोद मेहरा, रेखा की फिल्म-२
१७. राजेश, ऋषि, पूनम की 'रंग चला बहार चली' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'मेरा रंगदे बसंती' गीत वाली मनोज कुमार, प्रेम चोपड़ा की फिल्म-३
२१. जैकी, मनीषा की 'लड़की जो आए बाजाक में' गीत वाली फिल्म-३
२२. भारतीय सिनेमा की 'वीनस' मधुबाला की अंतिम फिल्म-२
२३. 'सर से सरक गई' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-४
२७. अमिताभ, अमृता की 'विल यू मैरी मी' गीत वाली फिल्म-२
२८. फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२९. 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२
३०. सनी, डिम्पल की 'भूरी भूरी आँखों वाला' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिल, माधुरी की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'आजा गुफाओं में' गीत वाली फिल्म-२
२. धर्मेन्द्र, नसीर, आदित्य, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
३. आमिरखान, रानी मुखर्जी की 'आँखों से तूने' गीत वाली फिल्म-३
४. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षय, करिश्मा की फिल्म-३
५. 'बदन में चाँदनी' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'तूने बेचैन इतना ज्यादा' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जब दिल से दिल' गीत वाली दिलीप, संजीव कुमार, वैजयंती की फिल्म-३
१३. धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की 'तोरा मन दर्पण' गीत वाली फिल्म-३
१५. फिल्म 'हम है राही प्यार के' में नायिका कौन थी-२
१८. 'क्या लिखूं कैसे लिखूं' गीत वाली फिल्म-२,४
१९. फिल्म 'कश्मीर की कली' में नायिका कौन थी-३
२०. जीतेंद्र, राजेश खन्ना, नंदा की 'किस लिए मैंने' गीत वाली फिल्म-१,२
२१. 'कई सदियों से' गीत वाली शत्रुघ्न, रीना राय की फिल्म-३
२४. अनिल, माधुरी की 'खुशियों का दिन आया है' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'कोई हमदम न रहा' गीत वाली फिल्म-३
२६. सलमान, संजय, शिल्पा की 'अरे बाबा अरे बाबा' गीत वाली फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली - 3693



## सूडोकु -3694


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3693 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

## शब्द पहेली - 3694



**बाएँ से दाएँ**

1.द्वेष,झगड़ा,रार-3
4.बुरकापोश-5
8.गागर,घड़ा-3
9.प्याऊ (उर्दू-3)
10.पैंदा,तला-2
12.बरस,वर्ष-2
13.सतत,लगातार-5
16.मजार,समाधि-4
17.उदारता,बड़पन्न-4
18.वायदा,कसम-2
19.महीना,माह-2
20.हमसफर-4
23.आदेश,आज्ञा-4
25.कहानी लेखक-5
28.गधा,गर्दभ-2
29.श्रवणेंद्रिय-2
31.बारिश,वर्षा-3
33.देवर्षि-3
35.दया करना-3,2
36.चिंतन

**ऊपर से नीचे**

1.कुपुत्र-3
2.अधिकार-2
3.सलाह,राय-4
4.अफसोस,खेद-4
5.शीतकालीन फसल-2
6.दलहन-2
7.ठंडा,सर्द-3
11.जिज्ञासा,उत्साह-3
12.बारिश का मौसम-3
13.धारावाही,अविराम, सीरियल-5
14.रीत,परंपरा-2
15.जीवनसाथी, हमराही-5
21.मोर-3
22.जल,नीर-2
24.पीहर-3
26.गजशाला, हाथी घर-4
27.करतब, करामात-4
28.उपभोग,खर्च-3
30.नेत्र,चक्षु,आंख-3
31.सवारी गाड़ी-2
32.रहन,गिरवी वस्तु-2
34.ताकत,जोर,बल-2

शब्द पहेली -3693 का हल



# हाईकोर्ट ने कहा- टीचरों का मानसिक उत्पीड़ हो रहा

## ऑनलाइन पोर्टल खोलना, शिक्षकों को भरने का मौका देना और बाद में रद्द करना गलत

प्रयागराज/गौतमबुद्धनगर। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि प्रतिवादी अधिकारियों ने पहले ऑनलाइन ट्रांसफर पोर्टल खोला, शिक्षकों को आवेदन करने का मौका दिया और फिर उसे रद्द कर दिया। इससे शिक्षकों को मानसिक पीड़ा हुई। न्यायालय ने टिप्पणी की कि यह कार्रवाई दुर्भावनापूर्ण इरादे से की गई लगती है। बिना सत्यापन के ट्रांसफर पोर्टल खोलना, शिक्षकों को कार्यमुक्त करना और फिर वापस भेजना उत्पीड़न के समान है।

न्यायमूर्ति पी.के. गिरी ने शिक्षिका प्रीति और तीन अन्य शिक्षकों की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि यदि भविष्य में ऐसे मामले फिर सामने आते हैं तो कोर्ट जुर्माना भी लगा सकती है और पीड़ित शिक्षकों को मुआवजा देने का आदेश भी दिया जा सकता है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने अपनी इच्छा से नहीं, बल्कि अधिकारियों के निर्देशों के अनुरूप कार्य किया था, इसलिए उन्हें परेशान करना अनुचित है।

### भविष्य में स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की चेतावनी

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में इस प्रकार की शिकायतें दोबारा आती हैं, तो न्यायालय स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने का निर्देश देने के लिए बाध्य होगा। ऐसे मामलों में दोषी अधिकारियों को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।



### सभी बीएसए को भेजी जाएगी आदेश की प्रति

अदालत ने आदेश की एक प्रति सचिव, बेसिक शिक्षा बोर्ड, उत्तर प्रदेश को भेजने का निर्देश दिया है ताकि इसे सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों तक प्रसारित किया जा सके। कोर्ट ने कहा कि अधिकारी यह जांच करें कि ऐसी स्थिति क्यों बनी जिससे न्यायालय का कीमती समय व्यर्थ हुआ। इसके साथ ही अदालत ने एक विस्तृत रिपोर्ट हलफनामे के साथ प्रस्तुत करने को कहा है।

यह आदेश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम बुद्ध नगर के 30 सितंबर 2025 के आदेश और खंड शिक्षा अधिकारी दनकौर के परिणामी आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर पारित हुआ। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि उन्होंने विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी औपचारिकताएं पूरी की थीं, लेकिन गलती अधिकारियों की थी, फिर भी उन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया।

### सरप्लस शिक्षकों का तर्क, लेकिन कोर्ट ने माना मामला विचारणीय

वहीं, स्थायी अधिवक्ता की ओर से कहा गया कि ट्रांसफर केवल सरप्लस शिक्षकों के मामलों में होना चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कोई विद्यालय शिक्षक-विहीन न रहे। विभाग की दलील थी कि यह कदम गरीब ग्रामीण बच्चों की शिक्षा के हित में उठाया गया। हालांकि, अदालत ने मामले को विचारणीय मानते हुए प्रतिवादियों को चार सप्ताह में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### शिक्षक पुराने विद्यालयों में लौटें तो मिलेगा वेतन

हाईकोर्ट ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता अपने पुराने विद्यालयों में कार्यभार ग्रहण कर पढ़ाना शुरू करते हैं तो उनके वेतन का भुगतान उनके खातों में किया जाएगा। यदि वे ऐसा नहीं करते, तो रिट याचिका के अंतिम निर्णय के बाद वेतन के बकाया पर विचार किया जाएगा।

# नोएडा में पुलिस 1.5 करोड़ की ड्रग्स पकड़ी

## एक आरोपी गिरफ्तार, हिमाचल से लाया था, कॉलेज, पीजी और स्कूल है टारगेट

**नोएडा।** थाना सेक्टर-58 पुलिस ने एक ड्रग्स तस्कर को सेक्टर-59 मेट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है। इसके पास से लगभग 1.5 करोड़ रुपए की 3 किलो चरस बरामद की गई। तस्कर का नाम शुभम कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी आम्रपाली गोल्फ होम्स है। इसकी उम्र करीब 28 साल है। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व गोपनीय सूचना की सहायता से गिरफ्तार किया।



एडीसीपी ने बताया कि पूछताछ में शुभम ने बताया कि वह अपने साथी वैभव के साथ मिलकर पहाड़ी क्षेत्रों से बड़ी मात्रा में सस्ते दामों पर चरस लाता है। उसे दिल्ली-एनसीआर और आस-पास के क्षेत्रों में महंगे दामों बेच कर मोटा मुनाफा कमाता है।

इससे मिलने वाली पैसों का शेयर मार्केट में निवेश करता है। उसे अमीर बनने का शौक है।

इसलिए इस तरह का अपराध कर रहा था। शुमभ ने बताया कि वैभव के कहने पर पहली बार ड्रग्स (चरस) की सप्लाई करने नोएडा आया था। वैभव के बारे में जानकारी की जा रही है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा। वैभव भी मेरठ का रहने वाला है।

### शेयर बाजार में हुआ था घाटा

पूछताछ में शुभम ने बताया कि उसे शेयर बाजार में घाटा हुआ था। वो मेरठ के एक कॉलेज से बीसीए तक पढ़ा है। शेयर बाजार में पैसा लगाया जिससे उसे काफी नुकसान हुआ। जिसके बाद पैसा कमाने के लिए उसकी मुलाकात वैभव से हुई। वैभव ने उसे ड्रग्स तस्करी के बारे में जानकारी दी। ये लोग नोएडा के स्कूल कॉलेज , पीजी को टारगेट करते है।

### हिमाचल से लाते थे ड्रग्स

ये लोग हिमाचल से ड्रग्स लेकर आते है। यहां पहले बेचते है इसके बाद पैसा मुख्य तस्कर को ट्रांसफर किया जाता है। इस पूरे नेक्सेस तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही सभी आरोपियो की गिरफ्तारी की जाएगी।

## विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्यक्रम घोषित

**गौतमबुद्धनगर।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशों के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्यक्रम घोषित किया गया है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी अर्ह नागरिक निर्वाचक नामावली में पंजीकृत हो जाएं तथा नाम, पता, आयु एवं अन्य प्रविष्टियों में यदि कोई त्रुटि हो तो उसका समय से संशोधन किया जा सके। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी अनर्ह मतदाता का नाम निर्वाचक नामावली में विद्यमान न रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर 2025 तक तैयारी, प्रशिक्षण एवं प्रिंटिंग का कार्य किया जाएगा। इसके उपरांत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक बीएलओ द्वारा घर-घर भ्रमण कर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए जाएंगे तथा उन्हें भरने में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। संबंधित नागरिक गणना प्रपत्रों को भरकर अपने बीएलओ को उपलब्ध कराएंगे। 5 से 8 दिसम्बर 2025 तक नियंत्रण तालिका के अद्यतन एवं प्रारूप निर्वाचक नामावली की तैयारी का कार्य संपन्न होगा, जबकि 9 दिसम्बर 2025 को प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जाएगा।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर महिलाओं ने खोला व्रत

**ग्रेटर नोएडा।** शहर के विभिन्न सेक्टर और सोसाइटियों में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर छठ महोत्सव का समापन हुआ।

शहर में मुख्य रूप से ग्रेनो के नवादा गांव स्थित शीतला माता शनि मंदिर, गौर सिटी के लेक व्यू पार्क और नेफोवा छठ घाट पर महिलाओं ने मंगलवार सुबह को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत खोला। इसके बाद महिलाओं ने पानी पिया और प्रसाद ग्रहण किया।

साथ ही, महिलाओं ने अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। गौर सिटी स्थित छठ पूजा सेवा समिति के लेक व्यू पार्क के छठ घाट, सुपरटेक इको विलेज 1, ऐस सिटी, चेरी काउंटी, गौर सौंदर्यम, स्टेलर जीवन, फ्यूजन होम्स, पंचशील ग्रीन्स, गैलेक्सी वेगा, गैलेक्सी नार्थ एवेन्यू टू, ग्रीन आर्क सोसायटी, पंचशील ग्रींस एक, महागुन मायवुड्स, महागुन मंत्रा एक सोसायटी समेत कई अन्य सोसायटियों में छठ पूजा का भाव आयोजन किया गया।

सोमवार शाम को सूर्य को अर्क देने के बाद महिलाएं मंगलवार सुबह दोबारा घाटों पर एकत्रित हुई। चेरी काउंटिंग सोसाइटी में छठ पर्व धूमधाम से मनाया गया। व्रतियों ने स्वीमिंग पूल में खड़े होकर उदीयमान सूर्य की उपासना कर अर्घ्य अर्पण किया। सूर्य उदय से पहले ही व्रतधारी महिलाएं पानी के बीच दूध और गंगाजल लेकर सूर्यदेव को अर्घ्य देने के लिए तैयार हुईं।

इसके बाद महिलाओं ने सूर्योदय के समय अर्घ्य देकर व्रत खोला और परिवार के सुख समृद्धि की कामना की।चेरी काउंटी सोसाइटी में व्रती महिलाएं सूर्योदय से पहले घाट और जलाशयों पर पहुंचीं और उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान पूरे परिसर में भक्ति और उल्लास का माहौल रहा।

## गौतमबुद्ध नगर में 9890 चालान काटे गए

**गौतम बुद्ध नगर।** गौतमबुद्ध नगर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। इस दौरान कुल 9890 चालान किए गए और 10 वाहनों को सीज किया गया। कार्रवाई में 3110 मैनुअल चालान और ISTMS कैमरों द्वारा 6789 ई-चालान शामिल थे। यह अभियान पूरे जिले में चलाया गया, जिसमें बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, नो-पार्किंग, विपरीत दिशा में वाहन चलाने और बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई। आंकड़ों के अनुसार, 2738 चालान बिना हेलमेट के लिए, 177 बिना सीट बेल्ट के लिए, 913 नो-पार्किंग के लिए, 619 विपरीत दिशा में वाहन चलाने के लिए और 327 चालान बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के लिए काटे गए। डीसीपी ट्रैफिक परवीन रंजन ने सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का विस्तार होगा

## फेज-3 और 4 के लिए 1857 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार ने जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट विस्तार किया जा रहा है। इसके लिए तीसरे और चौथे चरण में 14 गांवों की कुल 1857 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना ड्राफ्ट योजना को मंजूरी दे दी है।

सरकार की मंजूरी के बाद जिला प्रशासन अब 17,000 परिवारों को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। जिनकी भूमि और मकान 'भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना में उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम' की धारा 21 के तहत अधिगृहीत किए जाएंगे।

ड्राफ्ट योजना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रभावित परिवारों को पुनर्वास क्षेत्र में आवासीय भूखंड का आवंटन और निर्धारित अवधि में भवन निर्माण पूरा होने के बाद ही उन्हें विस्थापन क्षेत्र से हटाया जाएगा। ये कार्य दो साल में पूरा करना होगा।



### छह गांवों की जमीन शामिल

आर एंड आर ड्राफ्ट के अनुसार जिला प्रशासन ने 438 हेक्टेयर भूमि (437.99 हेक्टेयर) जमीन छह गांवों जिसमें मंगरौली, नीमका शाहजहांपुर, अलावलपुर, सदुल्लापुर, अहमदपुर चौरोली और जेवर बांगर में चिह्नित की है।

जहां तीसरे और चौथे चरण में विस्थापित परिवारों के लिए पुनर्वास कॉलोनियां विकसित की जाएंगी।

### धारा-4 के होगी शुरुआत

अधिसूचना के जारी होने के बाद छह गांवों में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होगी। जिसकी शुरुआत धारा 4 के तहत सोशल इंपेक्ट असेसमेंट से होगी।

इसके बाद धारा 11 के अंतर्गत सार्वजनिक अधिसूचना जारी की जाएगी, जिसमें भूमि के अधिग्रहण की औपचारिक सूचना दी जाएगी।

# नोएडा में 'आईटीसी' का दावा कर 1.75 करोड़ राजस्व नुकसान

**फर्जी फर्म बनाकर जीएसटी नंबर किया हासिल, फर्जी इनवायस के जरिए लिया आईटीसी**

**नोएडा।** सेक्टर-62 के पते पर दस्तावेज में फर्म खोलकर सरकार को करीब पौने दो करोड़ राजस्व की क्षति पहुंचाने का मामला सामने आया है। आरोपी फर्म ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में बोगस फर्मों से खरीद-फरोख्त दिखाकर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का दावा कर दिया। राज्य कर अधिकारी ने जांच के बाद सेक्टर-58 थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। राज्य कर अधिकारी मनोज कुमार शर्मा ने पुलिस को बताया कि राजकीय कार्य के दौरान वह ऑनलाइन जीएसटी पोर्टल पर उपलब्ध अभिलेखों की समीक्षा कर रहे थे। पता चला कि मैसर्स केएस इंटरप्राइजेज द्वारा 29 जुलाई 2024 को जीएसटी नंबर प्राप्त किया गया था। यह नंबर वस्तु एवं सेवा कर के क्षेत्राधिकार प्राधिकरण के सहायक आयुक्त द्वारा जारी किया गया था। ऑनलाइन आवेदन में फर्म स्वामी किरन सूर्यकांत कांबले द्वारा नाम, पता, मोबाइल और ईमेल आईडी दर्ज कराई गई थी।

### 2024-25 में 9.67 करोड़ की आउट वर्ड सप्लाई की घोषित

बैंक विवरण में दिल्ली नजफगढ़ स्थित यस बैंक की शाखा का नंबर दर्ज कराया था। आरोप है कि वर्ष 2024-25 में केएस इंटरप्राइजेस फर्म द्वारा 9,67,33,259 रुपए की आउट वर्ड सप्लाई घोषित दिखाई गई। 1,74,11,987 रुपए की कर देना स्वीकार किया गया। साथ ही सभी कर देय का समायोजन बोगस आईटीसी से किया गया। फर्म द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में बिना किसी वास्तविक खरीद के बोगस आईटीसी क्लेम किया गया। बोगस इनवर्ड सप्लाई प्राप्त करते हुए विभिन्न फर्म को आउट वर्ड सप्लाई की गई।

### बोगस फ़र्मो से सिर्फ दस्तावेज में सप्लाई

आरोप है कि केएस इंटरप्राइजेस ने बोगस फर्मों से सिर्फ दस्तावेजों के जरिए सप्लाई घोषित दिखाते हुए आईटीसी का दावा किया गया। इस तरह से आरोपी फर्म ने सरकार को एक करोड़ 74 लाख 11 हजार 987 रुपए राजस्व की क्षति पहुंचाई गई। फर्म का व्यापार स्थल सेक्टर-62 में दिखाया गया। तीन जनवरी 2025 को फर्म की गोपनीय जांच राज्य कर अधिकारी द्वारा की गई। जांच में पता चला कि फर्म अस्तित्व में नहीं है। आसपास पूछताछ करने पर किसी ने कंपनी के स्वामी किरन सूर्यकांत कांबले के बारे में जानकारी नहीं दी।

## रक्षा मंत्रालय के अधिकारी के घर लाखों की चोरी

नोएडा। सेक्टर-82 स्थित केंद्रीय विहार-2 में रहने वाले रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के घर से करीब 20 दिन पहले लाखों के गहने और नगदी चोरी हो गई। इसका आरोप घर की साफ-सफाई करने वाले मजदूर पर है। पुलिस ने घटना के करीब 15 दिन बाद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-82 स्थित केंद्रीय विहार-2 निवासी दिव्या यादव ने पुलिस को बताया कि वह शिक्षिका हैं। पति मनजीत कुमार रक्षा मंत्रालय में उपसचिव हैं। वह सात अक्तूबर को दीपावली को लेकर घर पर साफ-सफाई का कार्य करा रहे थे। इस कार्य के लिए उन्होंने जिला कन्नौज के तिर्वा निवासी युवक करन को लगाया था।उसने दो दिन तक सफाई का कार्य ठीक ढंग से किया। आरोप है कि वह तीसरे दिन दो घंटे का करके चुपके से भाग गया। पीड़िता का कहना है कि आठ और नौ अक्तूबर को पति छुट्टी लेकर घर की साफ-सफाई करा रहे थे। नौ अक्तूबर की सुबह करीब सवा 11 बजे आरोपी करन अचानक अलमारी में रखे पर्स से दो सोने के कड़े, तीन जोड़ी सोने के टॉप्स, एक जोड़ी सोने की कान की चेन, दो जोड़ी चांदी के बिछुए, पांच चांदी के सिक्के और 70 हजार रुपये लेकर भाग गया। पीड़िता का कहना है कि जिस कमरे से सामान चोरी हुआ, उसमें ताला नहीं लगा था। आरोपी का चेहरा सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गया है। शिकायतकर्ता का पुलिस पर आरोप है कि 11 अक्तूबर को शिकायत देने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई तो दूर एफआईआर दर्ज नहीं की।

## नोएडा-ग्रेनो में प्रदूषण से मामूली राहत

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेनो के लोगों को मंगलवार को प्रदूषण से मामूली राहत मिली। तीन दिनों के बाद एक्यूआई बेहद खराब के बजाए खराब श्रेणी में दर्ज किया। इस महीने पहली बार ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई नोएडा से छह अंक अधिक रहा, लेकिन एक्यूआई खराब श्रेणी में ही रहा। जिले में सुबह से शाम तक आसमान में स्मॉग बना रहा, जिससे दृश्यता एक किलोमीटर तक रही। बादल छाए रहने और नमी के कारण प्रदूषित कण आसमान में ज्यादा ऊपर तक नहीं फैल पाए। दोपहर में स्मॉग में मामूली कमी आई, लेकिन शाम होते ही यह बढ़ गया। नोएडा का एक्यूआई 290 और ग्रेटर नोएडा का 296 दर्ज किया गया।एक दिन पहले के मुकाबले नोएडा का एक्यूआई 37 अंक कम हुआ। वहीं, ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 12 अंक बढ़ गया।

# विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर 10 लोगों से ठगी की

नोएडा। ठगों ने खाड़ी देशों में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 10 से अधिक लोगों से लाखों रुपये ऐंठ लिए। इसके बाद आरोपी दफ्तर बंद कर फरार हो गए। इस संबंध में एक पीड़ित ने सेक्टर-20 थाने में दो नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित कर दी गई है। सेक्टर-18 में दफ्तर खोलकर ठगी को अंजाम दिया गया। थाने में दी शिकायत में बिहार के नया गांव निवासी उमेश कुमार शाह ने बताया कि वह आईटीआई से इलेक्ट्रीशियन हैं। घर की माली हालत अच्छी नहीं होने पर उमेश ने विदेश में कुछ साल नौकरी कर धन कमाने का सोचा।उन्होंने अपनी इच्छा मामा रामबाबू से बताई। बिहार के सारण के रामबाबू ने भांजे उमेश को हरियाणा के फरीदाबाद निवासी धनंजय माझी के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि उसने भी विदेश जाने के लिए धनंजय से ही संपर्क किया है। बीते साल मई 2024 में उमेश अपने मामा के साथ फरीदाबाद आया और धनंजय से मिला। उसने विदेश भेजने के लिए उमेश से 80 हजार रुपये मांगे। उमेश ने धनंजय के बताए तीन खातों में रकम ट्रांसफर कर दी। धनंजय ने उमेश को 10 दिन के भीतर विदेश भेजने का वादा किया। जब 15 दिन तक विदेश जाने के संबंध में धनंजय ने कुछ नहीं बताया तो उमेश ने उससे कॉल और मैसेज के माध्यम से दोबारा संपर्क किया।

# शार्ट न्यूज

## बुलडोजर की टक्कर से मजदूर गंभीर घायल

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में एक तेज रफ्तार बुलडोजर की टक्कर से बाइक सवार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना दनकौर कोतवाली क्षेत्र के धनौरी गांव के पास हुई। घायल मजदूर का दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित परिवार ने मंगलवार को आरोपी जेसीबी चालक के खिलाफ कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। जारचा कोतवाली के सिलारपुर गांव निवासी अनीश ने बताया कि उनका बेटा आरिफ मजदूरी का काम करता है। आरिफ लगभग एक महीने पहले काम के सिलसिले में धनौरी गांव आया था। अनीश के अनुसार, जब उनका बेटा बाइक पर काम पर जा रहा था, तभी धनौरी गांव के बाहर एक बुलडोजर चालक ने लापरवाही से उसकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। इस भीषण हादसे में आरिफ का एक पैर टूट गया और उसे गंभीर चोटें आईं। उसे पहले ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया।

## रबूपुरा में 10वीं की छात्रा की मौत

जेवर। ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कस्बे में बुखार से कक्षा 10 की एक छात्रा की मौत हो गई। परिजनों ने दावा किया है कि छात्रा की मौत डेंगू से हुई है। मृतका की पहचान 15 वर्षीय सुमेला के रूप में हुई है, जो कस्बे के शहीद नगर मोहल्ले की निवासी थी। जानकारी के अनुसार, सुमेला को दो दिन पहले बुखार आया था। सोमवार को उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसे ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। आईसीयू वार्ड में इलाज के दौरान मंगलवार शाम को उसकी मौत हो गई। सुमेला के पिता नहीम ने बताया कि अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने उनकी बेटी को डेंगू बताया था। नहीम ने यह भी बताया कि सुमेला के साथ उनकी दूसरी बेटी माईन (10) और बेटा अल्फेज (2) को भी दो दिन पहले अचानक बुखार आया था। इसी बीच, सोमवार को कस्बे के मोहल्ला फूल विहार निवासी कक्षा दो के 7 वर्षीय छात्र लड्डू की भी बुखार के कारण मौत हो गई। उसका इलाज बुलंदशहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। लड्डू के परिजनों ने भी उसकी मौत का कारण डेंगू बुखार बताया है।

## किसान के खेत से लाखों का धान चोरी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र स्थित भवोकरा गांव में एक किसान के खेत से लाखों रुपये का धान चोरी हो गया है। इस घटना का खुलासा सोमवार सुबह तब हुआ जब किसान मोहित अपने खेत पर पहुंचे और वहां रखा धान गायब पाया। किसान मोहित ने बताया कि रविवार देर रात उन्होंने मशीन से धान निकालकर बोरों में भरकर खेत में रखा था। सोमवार सुबह जब वह खेत पर पहुंचे तो सभी बोरे गायब थे। चोरी हुए धान की अनुमानित कीमत करीब दो लाख रुपये बताई जा रही है। मोहित ने तुरंत जेवर कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस को सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास के खेतों और रास्तों की छानबीन की है। चोरों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। जेवर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि किसान की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की कासना थाना पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस दौरान तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी के 28 मोबाइल फोन, एक चोरी की मोटरसाइकिल और अवैध हथियार बरामद किए गए हैं। कासना पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई की। थाना क्षेत्र के एक पार्क के पास से कासना निवासी इरशाद, दिलशाद और विनीत को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर चोरी के 28 मोबाइल फोन, एक बिना नंबर प्लेट की चोरी की मोटरसाइकिल, एक तमंचा और कारतूस बरामद किए। बरामद मोटरसाइकिल हाथरस से चोरी की गई थी। कासना थाना प्रभारी ने बताया कि ये चोर घरों से मोबाइल फोन की रेकी कर चोरी करते थे। इसके अलावा, वे सुनसान इलाकों में तमंचे के बल पर लोगों से मोबाइल लूटते थे और चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार होकर मोबाइल स्नैचिंग की घटनाओं को भी अंजाम देते थे। पुलिस के अनुसार, इन चोरों ने ग्रेटर नोएडा के विभिन्न स्थानों से मोबाइल फोन चुराए थे। फिलहाल, गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## नोएडा में मोबाइल स्नैचर गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा के थाना सेक्टर-20 पुलिस ने मोबाइल फोन स्नैचिंग करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी के तीन मोबाइल फोन, एक चोरी की मोटरसाइकिल, 1500 रुपये नकद और एक अवैध हथियार बरामद किया है। थाना क्षेत्र में लगातार हो रही स्नैचिंग की वारदातों के बाद पुलिस ने जांच शुरू की थी। कई मुकदमे दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिससे पता चला कि एक शातिर आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर इन वारदातों को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और मैनुअल इंटेलिजेंस की मदद से आरोपी लक्की उर्फ लोकेन्द्र को मंगल मार्केट, सेक्टर-25 की तरफ से गिरफ्तार किया। वह चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार होकर स्नैचिंग करता था। गिरफ्तारी के दौरान उसके कब्जे से तीन स्नैच किए हुए मोबाइल फोन, एक चोरी की टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल, 1500 रुपये नकद और एक तमंचा बरामद हुआ। आरोपी मूल रूप से हमीरपुर का रहने वाला है और उस पर करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

## करणी सेना ने ग्रेटर नोएडा में की बैठक

जेवर। मंगलवार शाम को ग्रेटर नोएडा के सेक्टर अल्फा 1 स्थित कार्यालय पर श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर धीरज सिंह की अगुवाई में एक सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में क्षत्रिय समाज की वर्तमान स्थिति पर गहन चर्चा हुई। समाज के सभी सम्मानित सदस्यों ने संगठन और समाज को और अधिक मजबूत तथा जागरूक करने पर विशेष जोर दिया। सभा में आगामी 21 दिसंबर को ग्रेटर नोएडा में श्री राजपूत करणी सेना के बैनर तले विशाल परिवार मिलन समारोह आयोजित करने पर सहमति बनी। यह आयोजन प्रदेश अध्यक्ष के सुझाव पर किया जाएगा। करणी सेना के प्रदेश महासचिव संतपाल शिशोदिया ने बताया कि कार्यक्रम की रूपरेखा जल्द ही तैयार की जाएगी। बैठक में करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष वीर सिंह राजावत, राजकुमार रावल, राधे भाटी नेता जी, विजयपाल प्रधान जी, स्यौदान सिंह नेता जी, संजीव भाटी लतीफपुर और आर बी सिंह छौंकर सहित क्षेत्र के कई सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## परिजनों से बिछड़े आठ बच्चों को पुलिस ने मिलाया

**नोएडा।** सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में आयोजित छठ पूजा कार्यक्रम के दौरान सोमवार को आठ बच्चे परिजनों से बिछड़ गए। मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत पुलिस टीम ने कुछ ही घंटे में परिजनों को तलाश कर बच्चों को उनके सुपुर्द कर दिया। एसीपी स्वतंत्र सिंह ने बताया कि स्टेडियम में छठ पूजा के लिए 20 हजार से अधिक लोग एकत्र हुए। भारी संख्या में ऐसे लोग थे, जिनके साथ बच्चे भी आए थे। जरा सी असावधानी से बच्चे परिजनों से अलग हो गए। जिन बिछड़े बच्चों को पुलिस टीम ने परिजनों से मिलाया, उनमें सेक्टर-22 निवासी दुर्गा निधि, मुस्कान, सेक्टर नौ निवासी दिया, सेक्टर पांच निवासी कार्तिक, चौड़ा गांव निवासी दिव्या, सेक्टर-49 निवासी पवन, सेक्टर दस निवासी छोटी और बरौला निवासी वंश शामिल रहे।सभी बच्चे छठ पूजा के दौरान भीड़ में अकेले व परेशान अवस्था में पुलिसकर्मियों को घूमते हुए मिले। वे अपना नाम और घर का पता सही से नहीं बता पा रहे थे। बच्चों को नोएडा स्टेडियम में बनी पुलिस चौकी पर लाया गया और उनको घर जैसा सुरक्षित माहौल प्रदान किया गया। पुलिस टीम ने बच्चों को सांत्वना देकर उनकी काउंसलिंग की। एंटी रोमियो टीम द्वारा तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई कर बच्चों के परिजनों को तलाश किया गया।

# जिलाधिकारी ने पराली न जलाने हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## किसानों से की अपील पराली को न जलाएं, जैविक खाद और पशु चारे के रूप में करें प्रयोग




**पीलीभीत।** पर्यावरण संरक्षण और मृदा की उर्वरता बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने गांधी सभागार से पराली न जलाने हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि किसानों को प्रचार वाहन के माध्यम से जागरूक किया जाए कि वे पराली जलाने से बचें और इसे खेतों में गलाकर जैविक खाद या पशु चारे के रूप में प्रयोग करें। जिलाधिकारी ने किसानों से अपील की कि पराली जलाने से न केवल पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है, बल्कि मिट्टी की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। किसान भाई पराली को कम्पोस्ट बनाकर खेतों में मिलाएं, जिससे मिट्टी की उर्वरकता शक्ति बनी रहे। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक इंजीनियर कौशल किशोर, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी, अवर अभियंता अनिल कुमार सहित कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। विभागीय जानकारी के अनुसार, वर्ष 2023 में पराली जलाने पर 75 किसानों से 2,10,000 तथा वर्ष 2024 में 18 किसानों से 72,500 अर्थदंड वसूला गया था। पराली जलाने पर अब भी कठोर कार्रवाई का प्रावधान हैं। 2 एकड़ से कम क्षेत्र के लिए 5,000, 2 से 5 एकड़ के लिए 10,000 और 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिए 30,000 प्रति घटना का जुर्माना निर्धारित किया गया है। कृषकों से अपील की गई है कि वे पराली को मिट्टी में मिलाकर खाद बनाएं या गौशालाओं को उपलब्ध कराएं तथा किसी भी पराली जलाने की सूचना कृषि विभाग के नियंत्रण कक्ष पर दें।

### नवजात बच्ची के मुंह पर कपड़ा बांधकर फेंका

**सोनभद्र।** सोनभद्र में एक नवजात बच्ची को जन्म के तुरंत बाद मुंह में कपड़ा बांधकर झाड़ियों में फेंक दिया गया। मंगलवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे बच्ची के रोने की आवाज सुनकर राहगीर रुक गए। मौके पर जाकर देखा तो बच्ची लाल कपड़े में लिपटी हुई थी। राहगीरों ने उसे उठाकर सीने से लगा लिया। देखते ही देखते आसपास के लोग जमा हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और बच्ची को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि बच्ची पूरी तरह स्वस्थ है। उसका जन्म कुछ देर पहले ही हुआ है। पूरा मामला रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र की मारकुंडी घाटी का है। एक राहगीर ने बताया, हम लोग सुबह ईको पॉइंट पर टहलने गए थे। पत्थरों के बीच से किसी बच्ची के रोने की आवाज सुनाई दी। पहले कुछ नजर नहीं आया, लेकिन जब दोबारा आवाज आई तो हम मौके पर पहुंचे। वहां लाल कपड़े में लिपटी बच्ची मिली।

# मंडी समिति में धान की तौल बनी किसानों की मुसीबत



**बीसलपुर।** मंडी समिति परिसर में सोमवार को किसानों की परेशानी बढ़ गई जब धान की तौल में हो रही देरी के चलते सैकड़ों ट्रॉलियां मंडी के अंदर और बाहर घंटों खड़ी रहीं। प्रशासन द्वारा स्थापित 37 धान क्रय केंद्रों पर धान खरीद तो हो रही है, लेकिन केंद्र प्रभारियों की सुस्ती के कारण किसानों की ट्रॉलियां बीसलपुर-बिलसंडा मार्ग तक लंबी कतारों में लगी रहीं।खुले आसमान के नीचे खड़ी ट्रॉलियों में रखा धान बूंदाबांदी के कारण भीगने लगा, जिससे किसानों में भारी नाराजगी देखी गई। किसानों का कहना है कि उन्हें अन्नदाता तो कहा जाता है, लेकिन हर बार शोषण का शिकार वही बनते हैं। कई दिन से वे मंडी में टोकन लेकर खड़े हैं, लेकिन धान की तौल पूरी नहीं हो पा रही।मंडी परिसर में जमीन पर भी हजारों कुंतल धान खुले में पड़ा है, जो बरसात होने से खराब होने की कगार पर है।

किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि धान की तौल की गति तेज कराई जाए और केंद्र प्रभारियों पर कार्रवाई की जाए। फिलहाल केंद्र प्रभारी की लापरवाही को लेकर किसानों में भारी रोष व्याप्त है।

## शार्ट न्यूज

### नदी में तैरता मिला अज्ञात युवक का शव



**बीसलपुर।** नगर के समीपवर्ती गांव मिघौना में सोमवार की सुबह नदी में तैरता हुआ एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव को देखकर ग्रामीणों के होश उड़ गए। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जिला मुख्यालय पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी प्रगति सिंह चौहान और कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और ग्रामीणों से उसकी पहचान कराने का प्रयास किया, मगर पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने बताया कि शव अज्ञात युवक का है, जिसकी उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच प्रतीत होती है। घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। फिलहाल पुलिस ने शव को सील कर अग्रिम जांच शुरू कर दी है। नदी में शव मिलने की सूचना से पूरे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### सपा नेता ने नाबालिग प्रेमी-प्रेमिका की शादी कराई

**फतेहपुर।** फतेहपुर में एक नाबालिग प्रेमी-प्रेमिका की मंदिर में शादी करवा दी गई। गांववालों ने दोनों को खेत में बात करते पकड़ लिया था। सूचना पर घरवाले मौके पर पहुंचे। दोनों परिवारों की सहमति से उनकी गांव में शादी कराई गई। सपा नेता ने लड़के से लड़की की मांग में सिंदूर भरवाया। दोनों को उपहार देकर आशीर्वाद दिया। मामला राधा नगर क्षेत्र का है। प्रेमी मैनपुरी का रहने वाला है। मामला 24 अक्टूबर का है, लेकिन शादी का वीडियो आज (मंगलवार) सामने आया। राधा नगर के रहने वाले लड़की के चचेरे भाई ने बताया- मैनपुरी के रहने वाले 15 साल के लड़के का हमारे घर आना-जाना था। वह हमारा दूर का रिश्तेदार है। उसकी मां हमारी मौसी लगती हैं। 10 महीने पहले गांव में एक शादी में वह शामिल होने आया था। इसी दौरान मेरी 17 साल की चचेरी बहन से उसकी मुलाकात हुई। दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। मेरे चाचा की 2018 में मौत हो गई थी। चाची की भी 2021 में मौत हो चुकी है। चाचा-चाची की मौत के बाद चचेरी बहन दादी के साथ ही रह रही थी।

### होटल में नाबालिग हिंदू छात्रा के साथ दरिंदगी

**बरेली।** शाहजहांपुर का फैय्याज हिंदू युवतियों को अपने प्रेमजाल में फंसाकर उनका शारीरिक शोषण करता था। वह एक नाबालिग छात्रा को लेकर बरेली के एक होटल पहुंचा। होटल संचालक को फैय्याज पर शक हुआ तो उन्होंने पुलिस बुलवा ली। आरोपी को पकड़वा दिया। बारादरी थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस की गिरफ्त में आया फैय्याज अब लंगड़ाता हुआ नजर आया। पीड़िता के पिता ने बताया वो शाहजहांपुर जिले के निगोही कस्बे के आजाद नगर मोहल्ले में रहते हैं। उन्होंने थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि उनकी बीएससी प्रथम वर्ष की नाबालिग बेटी (आयु करीब 16 वर्ष) अक्सर पास की कॉस्मेटिक दुकान पर जाती थी। उसी दुकान का मालिक फैय्याज पुत्र रियासत अली उससे बातचीत करने लगा। धीरे-धीरे झूठे प्रेमजाल में फंसा लिया। 26 अक्टूबर को फैय्याज उसे ब्रांडेड कॉस्मेटिक सामान दिलाने के बहाने बरेली ले आया।

### लखनऊ में किसान यूनियन का प्रदर्शन

लखनऊ। लखनऊ में भारतीय किसान यूनियन का चिनहट स्थित कार्यालय पर 126 दिनों से लगातार प्रदर्शन जारी है। किसानों ने जिला प्रशासन और एलडीए के खिलाफ जमकर नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा- मुआवजे के नाम पर 40 वर्षों से गुमराह किया जा रहा है। किसान नेता अशोक यादव ने कहा- अन्नदाता का कोई सम्मान नहीं है। 40 वर्ष पूर्व 1984 में हमारी जमीन लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अधिकृत कर ली थी। उस समय 84 पैसे के हिसाब से मुआवजा तय हुआ। हम लोगों ने वार्ता की तो मुआवजा 2.5 रुपए हुआ। कुछ लोग कोर्ट चले गए। इसके बाद 4 रुपए 60 पैसे दर के हिसाब से मुआवजा तय हुआ। 2016 में अंतिम मोहर कोर्ट के द्वारा लगी की 4.60 पैसे सभी किसानों को दिया जाएं, लेकिन एलडीए कह रहा है कि हमारे पास पर्याप्त धनराशि नहीं है। इसलिए हम मुआवजा नहीं दे पाएंगे।

### रिश्वत मांगने पर सब इंस्पेक्टर सस्पेंड

**सहारनपुर।** सहारनपुर में वेरिफिकेशन के नाम पर पांच हजार रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप में कोतवाली मंडी थाने के अंतर्गत कंबोह कटहरा पुलिस चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर अमित प्रसाद को सस्पेंड कर दिया गया है। एसएसपी आशीष तिवारी ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई की और पूरे प्रकरण की जांच के आदेश दिए हैं। एसपी सिटी व्योम बिंदल ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें एक पुलिसकर्मी किसी व्यक्ति से वेरिफिकेशन के नाम पर पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए दिखाई दे रहा है। जांच में वीडियो में दिख रहे पुलिसकर्मी की पहचान कोतवाली मंडी में तैनात सब इंस्पेक्टर अमित प्रसाद के रूप में हुई। वीडियो सामने आने के बाद एसएसपी आशीष तिवारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उप निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है।

### सीतापुर में ट्रैक्टर की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**सीतापुर।** सीतापुर के बिसवां कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इसमें स्कूटी सवार वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बन्नी खैरेला निवासी हरिशंकर वर्मा पुत्र सत्रोहन लाल (64) अपने भतीजे के साथ स्कूटी पर सवार होकर किसी कार्य से बिसवां गए हुए थे। काम निपटाने के बाद दोनों वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम बुढनापुर के पास पीछे से आ रहे लकड़ी से लदे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी पर पीछे बैठे हरिशंकर वर्मा सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद राहगीरों और ग्रामीणों ने तुरंत घायल वृद्ध को बिसवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### लखनऊ में पत्नी ने प्रेमी से करवाई पति की हत्या

**लखनऊ।** लखनऊ में तीन दिन पहले हुई पुलिस लाइन के संविदा कर्मी की हत्या का आज, मंगलवार को खुलासा हो गया। मास्टरमाइंड पत्नी निकली। उसने प्रेमी से पति की हत्या करवाई थी। हत्या के लिए उसने प्रेमी को तमंचा और कारतूस भी दिए थे। प्रेमी ने संविदाकर्मी को पहले शराब पिलाई। जब वह नशे में हो गया तो सिर और पीठ में गोली मारी थी। शव को सड़क के किनारे फेंककर फरार हो गया था। छानबीन करने पहुंची पुलिस को मृतक की पत्नी के चेहरे पर कोई शिकन नहीं दिखी थी। इससे उस पर शक गहराया था। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो हत्याकांड का खुलासा हो गया। पुलिस ने आरोपी पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। घटना 25 अक्टूबर की रात बीकेटी थाना क्षेत्र में आउटर रिंग रोड पर मामपुर बाना गांव के पास की है। मामपुर बाना निवासी 24 वर्षीय प्रमोद गौतम का खून से लथपथ शव मिला था। पुलिस ने उसकी पत्नी चांदनी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू की थी। जांच में चांदनी और उसका प्रेमी बच्चा लाल निवासी बबरू, बांदा का नाम सामने आया, तो पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया। एडीसीपी अमोल मुकुट के अनुसार, 28 वर्षीय चांदनी के पास फरवरी 2025 में बच्चा लाल की रॉन्ग कॉल आई। दोनों ने बात की। उसके बाद से दोनों बातचीत करने लगे। इसके बाद दोनों सोशल मीडिया के जरिए भी जुड़ गए। कुछ ही दोनों में दोनों में नजदीकियां बढ़ गईं।

# योजनाओं को समयबद्ध व गुणवत्तापरक ढंग से करें पूर्ण

## सीएम डैशबोर्ड समीक्षा बैठक में दिए निर्देश, निर्माण कार्यों की प्रगति पर जताई संतुष्टि



**पीलीभीत।** गांधी सभागार में सोमवार को हुई समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने सीएम डैशबोर्ड और ?50 लाख से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापरक तरीके से पूर्ण किया जाए। बैठक में निपुण परीक्षा, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, कन्या विवाह सहायता योजना और फैमिली आईडी की प्रगति पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने और अन्य योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान आवास विकास, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, विद्युत, श्रम एवं सेवायोजन, यूपी सिडको, यूपीपीसीएल, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग और राज्य सेतु निगम सहित विभिन्न विभागों द्वारा निर्माणाधीन परियोजनाओं की जानकारी दी गई। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी ने बताया कि ललौरीखेड़ा, मरौरी और बीसलपुर में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों का निर्माण, दूनी बैराज, ब्रहमचारी घाट पर्यटन विकास कार्य, नर्सिंग कॉलेज व ड्रग वेयरहाउस निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अधूरे निर्माण कार्यों में तेजी लाकर उन्हें समय पर पूरा कराया जाए और पूर्ण कार्यों का हैंडओवर शीघ्र सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बरखेड़ा विकासखंड में पूर्ण हो चुकी गौशाला का उद्घाटन शीघ्र कराने के भी निर्देश दिए।

# छात्रा से दुराचार कर बनाया अश्लील वीडियो, न मानी तो सोशल मीडिया पर कर दिया वायरल

## कक्षा 8 की छात्रा को तमंचे के बल पर धमकाकर कई बार किया उत्पीड़न चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। गांव की रहने वाली एक महिला ने अपनी 8वीं कक्षा में पढ़ने वाली बेटी के साथ युवक द्वारा दुराचार और वीडियो वायरल करने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार नामजदों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला ने बताया कि उसका पति भाई दूज के दिन मायके गया हुआ था। इस दौरान गांव का युवक ऋषभ उसकी नाबालिग बेटी को तमंचे के बल पर धमकाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ दुराचार किया। आरोप है कि युवक ने अश्लील वीडियो भी बना ली और धमकी दी कि यदि शादी से इंकार किया तो वह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा।

छात्रा द्वारा शादी करने से मना करने पर आरोपी ने वह वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दी, जिसे देखकर ग्रामीणों और परिजनों में हड़कंप मच गया। महिला ने बताया कि जब वह आरोपी के घर शिकायत लेकर गई तो उसके पिता नरेंद्र गिरी, मां किरन देवी और शिखा पत्नी जितेंद्र गिरी ने उसे गाली देकर भगा दिया। पुलिस ने ऋषभ, नरेंद्र गिरी, किरन देवी और शिखा के खिलाफ दुराचार, धमकी और आईटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है, शीघ्र ही गिरफ्तारी की जाएगी।

### लखनऊ में 11 साल के बच्चे की डेंगू से मौत

**लखनऊ।** लखनऊ के चिनहट स्थित निजी अस्पताल में डेंगू के इलाज दौरान सोमवार देर शाम बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर पर नशे में धुत होकर इलाज करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया है। परिजनों का कहना है इलाज में लापरवाही से बच्चे की जान चली गई। घटना को लेकर शिकायत दर्ज कराने की बात भी कही। गोमतीनगर विनीत खंड के रहने वाले सीताराम का 11 साल का बेटा संतोष बुखार की चपेट में था। परिजनों ने पहले नजदीकी क्लिनिक से दवा लिया था। इससे बच्चे को राहत मिल गई थी।

# गोरखपुर में प्रेमी-प्रेमिका ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी

## युवती की न्यूड डेडबॉडी मिली, युवक ने पहन रखा था जींस-टीशर्ट

**गोरखपुर।** गोरखपुर में प्रेमी-प्रेमिका ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि दोनों काफी देर तक प्लेटफॉर्म पर बात करते रहे। ट्रेन आने पर एक-दूसरे का हाथ पकड़कर पटरियों पर कूद गए। लोको पायलट ने अचानक ब्रेक मारकर ट्रेन रोकी, लेकिन तब दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए।

लोको पायलट की सूचना पर पुलिस पहुंची। देखा तो लड़की का पैर पूरी तरह से कटा था। लड़के के सिर के चोट आई थी। लड़की की डेडबॉडी न्यूड थी, जबकि युवक जींस और टीशर्ट में था। घटना पिपराइच रेलवे स्टेशन की है।

लड़की की की सूचना पर मां रोते-रोते बेहोश हो गई। युवक की पहचान पिपराइच निवासी विश्वकर्मा कुमार (21) के रूप में हुई है। वह हैदराबाद में पेंट पॉलिश का काम करता था। दिवाली पर घर आया था। युवती (18) पिपराइच की एक कपड़े की दुकान पर काम करती थी।

# विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## धान खरीद, बदहाल सड़क, छुट्टा जानवर रहीं मांगें



विशाल इंडिया पूनम तिवारी

**अंबेडकर नगर।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (राष्ट्रीयता वादी राजनीतिक) ने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह को अपना लिखित ज्ञापन दर्जनों की संख्या में उपस्थित होकर दिया है।नायब तहसीलदार भीटी कौशलकांत मिश्र के माध्यम से उप जिलाधिकारी भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह को दिए गए ज्ञापन में यूनियन के पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी भीटी से मांग किया है कि.. विभिन्न मुद्दों पर उक्त पंचायत में पूर्व में कई महत्वपूर्ण मांग पर निर्णय लिया था। जिसके संबंध में ज्ञापन दिया गया था,और अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई है,परिणाम स्वरुप फिर से ज्ञापन दिया जा रहा है।किसान यूनियन निर्णय किया है कि भीटी ब्लॉक,थाना सीओ आवास तथा सामुदायिक केंद्र भीटी को जाने वाली सड़क बेहद जर्जर और बादल अवस्था में है,जिसको ठीक कराया जाना नितांत आवश्यक है। जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है,अपनी दूसरी और प्रमुख मांग में यूनियन ने मांग किया है कि धान क्रय केंद्र काही तथा रामपुर गिरन्ट में धान क्रय केंद्र फिर से खोले जाने की चेष्टा जताई है,परंतु अभी तक धान खरीद केंद्र नहीं खोले गए हैं। और उनकी जगह सेनपुर में धान क्रय केंद्र खोल दिया गया है। किसान यूनियन ने मांग किया है तत्काल धान क्रय केंद्र उक्त स्थान काही और रामपुर गिरनंट में खोले जाने की कृपा की जाए अपनी तीसरी मांग में भारतीय किसान यूनियन ने निर्णय किया है,कि छुट्टा जानवरों से किसानों की फसल बर्बाद और तहस नहस हो रही है जो भीटी तहसील के पांडे पैकौली तथा खजुरी बाजार में इनका समूह बड़ी मात्रा में देखा जाता है,इससे आए दिन एक्सीडेंट होता है, और बड़ी परेशानी राहगीरों को उठानी पड़ती है।अत: संबंधित अधिकारी को निर्देश देकर छुट्टा जानवरों की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। ज्ञापन लेते हुए नायब तहसीलदार भीटी कौशलकांत मिश्रा ने कहा कि संबंधित अधिकारी को ज्ञापन पहुंचाकर मामले का उचित निस्तारण कराया जाएगा।

# उगते सूरज को दिया अर्घ्य, उमड़ा आस्था का सैलाब

## पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर रही मौजूद

विशाल इंडिया पूनम तिवारी



**अंबेडकर नगर।** छठ महापर्व का मंगलवार को आखिरी दिन था 4 दिन का यह महापर्व 25 अक्टूबर को नहाए खाए से शुरू हुआ था।वहीं मंगलवार को उगते सूरज को उषा अर्घ्य के साथ समापन हुआ। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास खत्म हो गया। उगते सूर्य को अर्घ्य देने का मुहूर्त सुबह 6: 27 पर निश्चित था,पूरे जनपद अंबेडकर नगर के साथ भीटी तहसील में बेलाघाट पर छठ महापर्व धूमधाम व उत्सव के साथ मनाया गया।एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह सीओ भीटी लक्ष्मीकांत मिश्रा के नेतृत्व एवं दिशा निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक भीटी अमित कुमार पांडे, तहसीलदार भीटी राज कपूर,नायब तहसीलदार कौशल कांत मिश्रा,खंड विकास अधिकारी हौसला प्रसाद एडियो पंचायत भीटी प्रभात सिंह की कार्य कुशलता से श्रद्धालुओं को कहीं किसी दुश्वारी या समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। हल्की-फुल्की ठंड बढ़ने के बावजूद महिलाएं पानी में खड़ी नजर आई,छठ महापर्व को लेकर बेलाघाट पर जोर-शोर से उत्सव जैसा माहौल बन पड़ा। मंगलवार सुबह से पहले ही बेलाघाट पर शंख ध्वनि और जयकारों की गूंज सुनाई देने लगी। व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण कर और गन्ने का रस पीकर अपने कठोर निर्जला व्रत का पारण किया,व्रत का पारण करने के बाद व्रतियों ने परिवार के सदस्यों विशेष कर बच्चों को छठ माता काह आशीर्वाद और प्रसाद ग्रहण कराया।छठ पूजा की व्यवस्था में सहयोग कर रहे प्रदीप सिंह प्रधान बेला ने बताया कि उषा अर्घ्य के सफल आयोजन के लिए बेलाघाट पर पुख्ता इंतजाम किए गए थे,श्रद्धालुओं भक्तों की सुविधा हेतु पीने का पानी सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थी। नायब तहसीलदार कौशल कांत मिश्रा ने बताया कि बेलाघाट पर छठ महापर्व सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है।बेलाघाट पर गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा प्रशासन का भरपूर तरीके से सहयोग किया गया है, उन्होंने बताया कि व्रतियों के द्वारा सभी के सुख समृद्धि की कामना की गई भीटी तहसील प्रशासन और श्रद्धालुओं के सहयोग से ही इतने शुभ अवसर व्यवस्था संभव हो पाई उन्होंने कहा कि एसडीएम भीटी ने लगातार हर बात की निगरानी रखी और व्रतधारियों तथा श्रद्धालुओ का भरपूर सहयोग करने के लिए पूरी टीम को निर्देशित किया।वहीं एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने आस्था के महा पर्व के सफलता पूर्वक आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### रिटायर्ड फौजी के इकलौते बेटे ने सुसाइड किया

**झांसी।** जहर खाने के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती रिटायर्ड फौजी के इकलौते बेटे ने सोमवार को दम तोड़ दिया। चाचा का कहना है- भतीजा टेट पास था। मगर नौकरी न लगने की वजह से डिप्रेशन में आ गया था। इस वजह से उसने 24 अक्टूबर को जालौन में जहर खा लिया था। परिजन उसे झांसी लेकर आए थे। जहां पर इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतका का नाम राहुल (24) पुत्र राजीव कुमार था। वह जालौन के एट थाना क्षेत्र के पिरौना गांव का रहने वाला था। मृतक के चाचा अजेंद्र सिंह यादव ने बताया- मेरा भतीजा राहुल पढ़ने में होशियार था। उसने दो साल पहले बीएलएड की थी। उसके बाद टेट भी पास कर ली थी। मगर नौकरी न लगने की वजह से वो एक साल से डिप्रेशन में चल रहा था। कई बार उसको समझाया भी। 24 अक्टूबर की रात को वह छत पर टहलने के लिए गया था। वहां पर जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन झांसी मेडिकल कॉलेज लेकर आए। यहां पर इलाज के दौरान आज भतीजे ने दम तोड़ दिया। राहुल की मौत के बाद घर में मातम छाया है।

# लोक आस्था के महापर्व, छठ को महिलाओं ने धूम धाम से मनाया

महेश सिंह विशाल इंडिया

**लखनऊ।** सनातन संस्कृति के प्रमुख पर्व में छठ का विशेष महत्व है चार दिन तक चलने वाले इस पारंपरिक त्यौहार में उपवास पूजन प्रकृति एवं स्थानीय ॠतु फलों का विशेष महत्व है। पौराणिक परंपराओं का अनुकरण करते हुए लोक संस्कृति के त्यौहार छठ पर्व को राजधानी की महिलाओं, सुमन सिंह, चंदा गुप्ता द्वारा आवास विकास पार्क, वहीं संझिया घाट गोमती पर



करीब 32 वर्षों से इस पारंपरिक पर्व को निभाती हुई क्षमा पांडे मड़ियांव,



समेत कई अन्य महिलाओं द्वारा बड़े ही विधि विधान से मनाया गया।

मनोयोग के साथ चारों दिन के महापर्व नहाय, खाय, खरना, लोहड़ा और सायंकालीन सूर्य को अर्क देने के साथ उगते हुए सूरज को आज अर्क दिया अस्त होते हुए सूर्य के साथ उदय होते हुए सूर्य को अर्क देकर इस उपवास व्रत को महिलाओं ने पूर्ण किया इन सभी व्रती महिलाओं द्वारा इस संस्कारों व परंपराओं का जहां एक तरफ सृजन होता है वही युवा पीढी को यह सब जानने व समझने का अवसर भी प्राप्त होता है।

## रुस का ट्रंप को तंज... बिना तैयारी बैठक करने में समय बर्बाद नहीं करते पुतिन



मॉस्को (एजेंसी)। रूस-अमेरिका के बीच यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की उम्मीदों पर फिर से झटका लगा है। रूसी राष्ट्रपति के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने दो टूक कहा, 'राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मीटिंग सिर्फ मीटिंग के लिए नहीं करते। उन्हें वक्त बर्बाद करना बिल्कुल पसंद नहीं, मतलब बिना तैयारी के कोई भी मीटिंग बेकार है। इसलिए विदेशमंत्री सर्गेई लावरोव और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो को तैयारी का आदेश दिया है। प्रॉसेस जटिल है। उन्होंने कहा, पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मीटिंग कैंसल होने की बात गलत है, क्योंकि अभी तक तारीख तय नहीं थीं। क्रेमलिन की ये ताजा प्रतिक्रिया उस वक्त आई हैं, जब ट्रंप ने कहा कि मीटिंग 'वेस्ट ऑफ टाइम' होगी। लेकिन रूस का ये स्टैंड इशारा दे रहा कि पुतिन किसी भी कीमत पर झुकने के लिए तैयार नहीं। वे अपनी पुरानी शर्तों पर कायम हैं। यूक्रेन की डी-मिलिटराइजेशन करना होगा। डोनबास पुतिन अब नहीं छोड़ने वाले और नाटो का यूक्रेन तक विस्तार उन्हें बिल्कुल पसंद नहीं है। शुरुआत अगस्त में हुई जब अलास्का के एंकरेज में ट्रंप-पुतिन की पहली समिट हुई। वहां दोनों ने यूक्रेन पर बात की। ट्रंप ने कहा, मैं युद्ध 24 घंटे में खत्म कर दूंगा। पुतिन ने शांति की बात मानी, लेकिन शर्तें रखीं। 16 अक्टूबर को ट्रंप ने ऐलान किया, दो हफ्तों में बुडापेस्ट में दूसरी मीटिंग होगी। पहले लावरोव-रूबियो बात करने वाले है। लेकिन 21 अक्टूबर को ही ट्रंप ने यू-टर्न ले लिया। व्हाइट हाउस ने कहा, तुरंत किसी मीटिंग का कोई प्लान नहीं। रूस ने तुरंत इस खबर को फर्जी न?यूज बताया। लेकिन पेस्कोव ने माना, डेट सेट ही नहीं था। उन्होंने लिखा, कैंसलेशन गलत, लेकिन ओवरनाइट नहीं हो सकता। ज्यादा नाइट्स चाहिए? फिर लावरोव ने रूबियो से फोन पर बात की, लेकिन शर्तों पर अड़े रहे। बात दें कि पुतिन के हामी नहीं भरने पर ट्रंप खफा हो गए। उन्होंने रूस की सबसे बड़ी दो तेल कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस पर पेस्कोव ने कहा, ये अनफ्रेंडली स्टेप है। रिश्तों को नुकसान पहुंचाता है। ट्रंप के बयानों के बावजूद, हमारे हित अच्छे रिश्ते बनाना है।

## जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री ताकाइची से मिले ट्रंप...यह एक बहुत मजबूत हैंडशेक है

### -ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट करने का भरोसा

टोक्यो (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन दिनों एशिया के दौरे पर हैं। मंगलवार को उन्होंने जापान में देश की पहली महिला प्रधानमंत्री साने ताकाइची से मुलाकात की है। इस मुलाकात को कई मायनों में अहम माना जा रहा है। टोक्यो में जापान की नवनियुक्त प्रधानमंत्री से मिलते हुए, जब दोनों ने हाथ मिलाया, तब ट्रंप मुस्कुराते हुए कहा, यह एक बहुत मजबूत हैंडशेक है। ट्रंप की एशिया यात्रा पदभार संभालने के बाद से उनके सबसे अहम दौरों में से एक है। जापान में कुछ ही दिन पहले पदभार संभालने वाली ताकाइची अपने देश के व्यापारिक हितों को संतुलित कर अमेरिका के साथ मजबूत संबंध बनाने और ट्रंप के साथ सकारात्मक बैठक के लिए उत्सुक हैं। वहीं ट्रंप अमेरिकी टैरिफ में कटौती और अमेरिकी निर्यात को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किए गए व्यापार समझौते के तहत 550 अरब अमेरिकी डॉलर का जापानी निवेश हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप ने जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में ताकाइची की भूमिका को बड़ी बातकर जापान के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। ट्रंप ने कहा कि ताकाइची महान प्रधानमंत्रियों में से एक होंगी। अमेरिका को जापान का सबसे अहम सहयोगी बताकर ट्रंप ने कहा, 'जापान की मदद के लिए जो कुछ भी कर सकता हूं, करूंगा। हम सबसे मजबूत स्तर पर सहयोगी हैं।' वहीं जापानी पीएम ने कहा है कि जापान ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट करेगा। वाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने बताया कि जापानी प्रधानमंत्री साने ताकाइची अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट करेंगी। इससे पहले ताकाइची ने ट्रंप की भूमिका की सराहना की थी। उन्होंने कहा, इतने कम समय में ही दुनिया में शांति का माहौल बन गया है। ताकाइची ने आगे कहा, राष्ट्रपति जी, मैं स्वयं आपसे बहुत प्रभावित और प्रेरित हूं।

## ट्रंप ने अपने कार्यकाल में उपराष्ट्रपति माइक पेंस पर बुरी तरह से भड़के और कायर कह दिया

वाशिंगटन (एजेंसी)। पहले कार्याकाल में डोनाल्ड ट्रंप अपने उपराष्ट्रपति माइक पेंस पर 6 जनवरी, 2021 को बुरी तरह भड़के थे क्योंकि पेंस ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में जो बाइडेन की जीत को औपचारिक रूप से प्रमाणित करने से रोकने के लिए ट्रंप का समर्थन नहीं किया। दरअसल पेंस ने संवैधानिक और कानूनी कारणों से कांग्रेस के जॉइंट सेशन में अपनी भूमिका का इस्तेमाल करके बाइडेन की चुनावी जीत के प्रमाणन को रोकने के ट्रंप के प्रयासों का समर्थन करने से इंकार किया था। पेंस के नए सामने आए नोट्स के मुताबिक, ट्रंप ने फोन पर हुई आखिरी बातचीत में पेंस को कायर कहा था। ट्रंप ने पेंस से कहा था, आप कायर बनकर रह जाएंगे। और कहा था, आप हमारे देश की रक्षा नहीं कर रहे हैं। आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप हमारे देश का समर्थन और बचाव करें।

# 14,000 किलोमीटर की रेंज, तबाही का दूसरा नाम है ये मिसाइल... ट्रंप दिख रहे परेशान

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने घोषणा की कि रूस ने अपनी परमाणु-संचालित क्रूज मिसाइल बुरेवेस्तनिक का सफल परीक्षण किया है। रूसी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के प्रमुख वैलेरी गेरासिमोव के अनुसार, मिसाइल परीक्षण के दौरान लगभग 15 घंटे तक हवा में रही और करीब 14,000 किलोमीटर की दूरी तय की। पुतिन ने दावा किया कि यह मिसाइल दुनिया में किसी अन्य देश के पास नहीं है और यह दुश्मन की मिसाइल रक्षा प्रणालियों को आसानी से चकमा दे सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक यह मिसाइल हवाई और मिसाइल रक्षा प्रणालियों को भेदने में सक्षम है। पुतिन ने कहा कि इस हथियार को जल्द ही तैनात करने की तैयारी की जाएगी और इसके उपयोग के तरीकों पर विचार किया जाएगा तथा बुनियादी ढांचा तैयार किया जाएगा।




यह परीक्षण तब हुआ है जब रूस और अमेरिका के बीच कूटनीतिक रिश्ते और खराब हुए हैं, खासकर अमेरिका द्वारा रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने के बाद। पिछले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ प्रस्तावित शिखर सम्मेलन भी रद्द हो गया था, जिससे तनाव और बढ़ गया था। रूस ने पिछले सप्ताह पुतिन की निगरानी में एक रणनीतिक परमाणु बल अभ्यास भी किया था। रूसी विशेष दूत किरिल दिमित्रिएव ने अमेरिकी दौरे के दौरान अमेरिकी प्रशासन को सफल परीक्षण और युद्धक्षेत्र के अपडेट की जानकारी दी थी। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन के अनुसार, शहर की हवाई रक्षा प्रणालियों ने दर्जनों ड्रोनों को मार गिराया, जिससे जुकोव्स्की और डोमोडेडोवो हवाई अड्डों पर कुछ समय के लिए उड़ानें रोक दी गईं। रूस के बेलगोरोद क्षेत्र में यूक्रेन के हमलों में छह नागरिक घायल हो गए।

### यूक्रेन पर रूस के हमले तेज

रूस ने शनिवार से रविवार की रात यूक्रेन पर 100 से अधिक ड्रोन हमले किए। इन हमलों में कीव में ऊंची इमारतों को निशाना बनाया गया, जिसमें कई लोग सो रहे थे। यूक्रेन के आंतरिक मंत्री इहोर क्लिमेंको ने बताया कि कीव में हुए हवाई हमलों में एक 19 साल की लड़की और उसकी 46 साल की मां सहित तीन लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा 33 लोग घायल हुए, जिसमें सात बच्चे शामिल हैं। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कहा कि घायलों में एक चार साल का बच्चा भी है। आठ लोगों को अस्पताल में भर्ती किया। कीव के डेसनियान्स्की क्षेत्र में एक नौ मंजिला इमारत में आग लग गई, जहां से 13 लोगों को सुरक्षित निकाला गया।

## फेक खबर फैलाते पाक पीएम शहबाज शरीफ को एक्स ने पकड़ा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर झूठ फैलाने के लिए बड़ी शर्मिंदगी झेलनी पड़ी। उन्होंने एक पोस्ट में भारत पर जम्मू-कश्मीर पर कब्जा और मानवाधिकार उल्लंघन का आरोप लगाया, लेकिन एक्स के कम्युनिटी नोट्स ने तुरंत ही उनका दावा गलत साबित कर दिया। जानकारी अनुसार पीएम शहबाज ने लिखा, हर साल 27 अक्टूबर कश्मीर के इतिहास का सबसे काला दिन होता है। 78 साल पहले इसी दिन भारतीय सेना ने श्रीनगर पर कब्जा किया था। उन्होंने यह भी दावा किया कि भारत ने जम्मू-कश्मीर को अवैध रूप से कब्जे में लिया है और वहां के लोगों पर दशकों से अत्याचार हो रहे हैं। हालांकि, एक्स ने उनके पोस्ट पर 'भ्रामक जानकारी' का टैग लगाते हुए तथ्यात्मक स्पष्टीकरण जोड़ा। कम्युनिटी नोट्स में लिखा गया कि यह दावा गलत है। महाराजा हरि सिंह ने 26 अक्टूबर 1947 को भारत में विलय के समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। उसी के बाद भारत ने जम्मू-कश्मीर की रक्षा के लिए 27 अक्टूबर को सेना भेजी थी। इसके साथ ही एक्स ने महाराजा हरि सिंह द्वारा किए गए विलय दस्तावेज का संदर्भ भी साझा किया, जिससे साफ हो गया कि भारत की कार्रवाई पूरी तरह कानूनी थी। इस घटना के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की सोशल मीडिया पर जमकर किरकिरी हो रही है।



## जमैका से टकराने जा रहा साल का सबसे ताकतवर तूफान 'मेलिसा', अब तक 7 की जा चुकी जान

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** जमैका की ओर तेजी से बढ़ रहा हरिकन मेलिसा, जिसे वर्ष 2025 का सबसे शक्तिशाली तूफान माना जा रहा है। अमेरिकी मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि यह कैटेगरी-5 स्तर का हरिकेन बन चुका है, जिसकी रफ्तार 175 मील प्रति घंटा यानी करीब 282 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच गई है। यह अब तक का सबसे खतरनाक और विनाशकारी तूफान साबित हो सकता है।

मेलिसा के प्रभाव से हैती, डोमिनिकन रिपब्लिक और जमैका में अब तक कुल 7 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इनमें जमैका में 3, हैती में 3 और डोमिनिकन रिपब्लिक में 1 व्यक्ति की मौत होने की खबर है। अमेरिकी नेशनल हरिकेन सेंटर (एनएचसी) के अनुसार, यह तूफान जमैका के तट से टकराने की स्थिति में आ गया है। इस तूफान और उसके प्रभाव को लेकर मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है, कि अमेरिकी वायुसेना रिजर्व के 403वें विंग के 'हरिकेन हंटर्स' ने तूफान के केंद्र से गुजरते हुए एक वीडियो बनाया, जिसे अब जारी किया गया है। इस वीडियो फुटेज में मेलिसा की भयावहता स्पष्ट दिख रही है। वीडियो में तूफान का 'आई' यानी उसका केंद्र भाग दिखाई देता है, जहां हवाएं अत्याधिक तेज गति से घूम रही हैं।

### बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बढ़ा

मेलिसा के कारण कैरिबियाई क्षेत्रों में लगातार तेज बारिश जारी है, जिससे बाढ़ और भूस्खलन की आशंका बढ़ गई है। जमैका सरकार ने राजधानी किंग्सटन सहित कई तटीय इलाकों में निकासी आदेश जारी कर दिए हैं। अब तक 881 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं, जहां लोगों को अस्थायी रूप से शरण दी जा रही है।

जमैका की शिक्षा मंत्री डाना मॉरिस डिक्सन ने कहा, ऐसा तूफान हमने पहले कभी नहीं देखा। अक्टूबर भर से लगातार बारिश हो रही है, जमीन पहले से भीगी हुई है, इसलिए भारी बाढ़ और भूस्खलन की संभावना बहुत ज्यादा है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि यह तूफान वर्तमान गति से टकराया, तो यह 1851 के बाद से जमैका को प्रभावित करने वाला सबसे शक्तिशाली हरिकेन होगा।

## पाक सेना की कार्रवाई के खिलाफ विदेश में प्रदर्शन, दक्षिण कोरिया में बलूचिस्तान का दर्द गूंजा

**सियोल (एजेंसी)।** पाकिस्तान की सेना के खिलाफ अब विरोध की आवाजें देश ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी सुनाई देने लगी हैं। दरअसल दक्षिण कोरिया के शहर बुसान में सोमवार को सैकड़ों लोगों ने बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना की कार्रवाई के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। यह विरोध ठीक एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन से पहले हुआ, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप सहित कई वैश्विक नेता शामिल थे। ऐसे समय में यह प्रदर्शन पाकिस्तान के लिए बड़ी शर्मिंदगी बन गया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बलूच नेशनल मूवमेंट (बीएनएम) के कार्यकर्ताओं ने बुसान की सड़कों पर बलूचिस्तान के लिए न्याय, जेहरी की घेराबंदी खत्म करो और बलूच नरसंहार बंद करो जैसे नारे लगाए। उन्होंने स्थानीय लोगों के बीच अंग्रेजी और कोरियाई भाषा में पर्चे बांटकर बताया कि बलूचिस्तान के जेहरी क्षेत्र में पाकिस्तानी सेना ने किस तरह की तबाही मचाई है। इन पर्चों में आरोप लगाया गया कि सेना लोगों को घरों से उठाती है, फिर उन्हें लापता कर देती है या मार देती है। प्रदर्शनकारियों ने कहा, जेहरी खून से लथपथ है और अब दुनिया को चुप नहीं रहना चाहिए।






विरोध के दौरान बीएनएम कार्यकर्ताओं ने टूटे घरों और पीड़ित परिवारों की तस्वीरें भी प्रदर्शित कीं। संगठन के अनुसार, हालिया हवाई हमलों में 10 बच्चों समेत 20 से अधिक नागरिक मारे गए हैं, जबकि 50 से ज्यादा युवकों को जबरन गायब कर दिया गया है। आरोप यह भी लगाया गया कि पाकिस्तानी सेना ने अस्पतालों को सैन्य ठिकानों में बदल दिया है और इलाके में 24 घंटे का कर्फ्यू लगा रखा है।

पाकिस्तानी सेना के खिलाफ यह विरोध केवल दक्षिण कोरिया तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पिछले सप्ताह नीदरलैंड के उट्रेच में भी इसी तरह का प्रदर्शन हुआ था। इस प्रदर्शन के दौरान मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तानी सेना की कार्रवाई को ÷युद्ध अपराध÷ करार दिया। वहीं, अमेरिका में व्हाइट हाउस के बाहर भी बीएनएम ने प्रदर्शन कर पाकिस्तान को आतंकवादी राज्य बताया। संगठन ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान बलूचिस्तान और अन्य इलाकों के प्राकृतिक संसाधनों का शोषण कर रहा है। इसी के साथ ही बीएनएम ने एमनेस्टी इंटरनेशनल और संयुक्त राष्ट्र से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। एपेक सम्मेलन के दौरान हुए इस विरोध ने पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय साख पर एक और गहरा धब्बा लगा दिया है, क्योंकि अब वैश्विक समुदाय उसके मानवाधिकार रिकॉर्ड पर गंभीर सवाल उठा रहा है।

## नेपाल में बढ़ते तनाव के चलते टल सकते हैं चुनाव, भारत रख रहा पैनी नजर

**काठमांडु (एजेंसी)।** नेपाल में एक बार फिर तनाव की स्थिति बन रही है। आरोप लग रहे हैं कि वर्तमान सरकार की रणनीति नेपाली कांग्रेस (एन) और नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (यूएमएल) जैसी स्थापित पार्टियों को कमजोर करना है, जबकि उभरते हुए पश्चिम समर्थक समूहों को फायदा पहुंचाना है। यही कारण है कि अगले साल होने वाले चुनाव भी टाले जा सकते हैं।



नेपाल में बीते महीने जेन-जेड के व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बाद देश की सरकार गिर गई थी। अनिश्चितताओं के बीच युवाओं ने अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए देश की पूर्व मुख्य न्यायधीश सुशीला कार्की के नाम पर मुहर लगाई, जिसके बाद देश में शांति की उम्मीद जताई गई। अंतरिम सरकार ने अगले साल मार्च तक लोकतांत्रिक चुनाव करवाने की भी घोषणा की थी। हालांकि अब इस योजना पर अंधेरा छाता दिख रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक नेपाल में 5 मार्च को होने वाले चुनावों को टालने की बातचीत शुरू हो गई है।

शीर्ष खुफिया सूत्रों ने यह भी कहा कि भारत नेपाल की राजनीतिक और सुरक्षा स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है। सूत्रों ने कहा कि भारत नेपाल में जल्द से जल्द लोकतांत्रिक व्यवस्था चाहता है। भारत को चिंता है कि नेपाल की नाजुक अर्थव्यवस्था का पतन देश को गृहयुद्ध की ओर धकेल सकता है। वहीं भारतीय एजेंसियां बाहरी हस्तक्षेप को लेकर भी सतर्क हैं। उनका मानना है कि ज्यादा लंबे समय तक राजनीतिक शून्यता भारत विरोधी तत्वों को नेपाल में अपनी नींव जमाने का मौका दे सकती है। वहीं इस मौके का फायदा चीन भी उठा सकता है। यह समय चीन को नेपाल में अपना प्रभाव बढ़ाने का मौका दे सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक नेपाल में मार्च 2026 में तय समय पर चुनाव होने की संभावना नहीं है और इन्हें मई या जून तक टाला जा सकता है। नेपाल चुनाव में हो रही इस देरी का मुख्य कारण देश जारी राजनीतिक अनिश्चितता और पारंपरिक सत्ता समूहों पर बढ़ता दबाव है। सूत्रों ने दावा किया है कि वर्तमान सरकार की रणनीति नेपाली कांग्रेस (एन) और नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (यूएमएल) जैसी स्थापित पार्टियों को कमजोर करना है, जबकि उभरते हुए पश्चिम समर्थक समूहों को फायदा पहुंचाना है। वहीं सूत्र ने यह भी कहा है कि कुछ आंतरिक और बाहरी ताकतें व्यवस्थागत सुधार की आड़ में नेपाल के युवा आंदोलन का इस्तेमाल देश में और अस्थिरता पैदा करने के लिए कर सकती हैं। इससे पहले सितंबर में नेपाल के युवाओं ने शीर्ष नेतृत्व में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ा विद्रोह छेड़ दिया था। इन प्रदर्शनों को को जेन जेड आंदोलन का नाम दिया गया। देश भर में हुई हिंसा के बाद देश के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा था। हिंसक विरोध प्रदर्शनों में कम से कम 73 लोग मारे गए थे।

## बांग्लादेश में इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की उठी मांग, कहा- ये चरमपंथी हिंदुत्व संगठन

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) पर प्रतिबंध लगाने की मांग तेज हो गई है। कट्टरपंथी इस्लामी संगठन हिफाजत-ए-इस्लाम ने चटगांव में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया और इस्कॉन को चरमपंथी हिंदुत्व संगठन करार देते हुए इसे तत्काल बैन करने की अपील की। यह घटनाक्रम ऐसे वक्त में सामने आया है, जब हाल के महीनों में हिंदू अल्पसंख्यकों और उनके धार्मिक स्थलों पर हमलों की खबरें लगातार सुर्खियों में रही हैं।



रिपोर्ट के मुताबिक, चटगांव की रैली में शामिल वक्ताओं ने अंतरिम सरकार पर पक्षपात का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों या अल्पसंख्यकों पर हमले होते हैं तो मुख्य सलाहकार सोशल मीडिया पर फौरन प्रतिक्रिया देते हैं, लेकिन जब किसी इमाम या खातिब पर अत्याचार होता है, तो खामोशी छा जाती है। हिफाजत नेता अशरफ बिन याकूब ने साफ शब्दों में कहा, बांग्लादेश सरकार को इस्कॉन पर फौरन प्रतिबंध लगाना चाहिए। मौलाना याकूब ने वकील आलिफ की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी और उनकी जमानत रद्द करने की भी मांग उठाई। गौरतलब है कि पिछले साल 26 नवंबर को चटगांव में पुलिस और इस्कॉन के पूर्व सदस्य चिन्मय कृष्ण दास के समर्थकों के बीच झड़प हुई थी, जिसमें आलिफ की मौत हो गई थी। हिफाजत कार्यकर्ताओं ने शहर में जुलूस निकाला और इस्कॉन पर बैन लगाओ के नारे लगाए।

उधर, ढाका में इंतिफादा बांग्लादेश ने भी प्रदर्शन किया और अंतरिम सरकार के सामने छह मांगें रखीं, जिनमें इस्कॉन पर प्रतिबंध, इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई और स्वतंत्र जांच प्रमुख थीं।अल कायदा से जुड़े अंसारुल्लाह बंग्ला टीम के नेता जसीमुद्दीन रहमानी ने इस्कॉन को हिंदू संगठन नहीं, बल्कि यहूदियों का चरमपंथी समूह बताया। उन्होंने कहा, यह संगठन लगातार अपराध कर रहा है। इस पर प्रतिबंध समय की जरूरत है। इंतिफादा के सदस्य अहमद रफीक ने एक इमाम के अपहरण और पिटाई का जिक्र करते हुए सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाया। उनका कहना था कि इमाम ने इस्कॉन के खिलाफ बोलने की हिम्मत की तो उसे चेन से बांधकर पीटा गया, फिर भी सरकार आरोपियों को बचाने में लगी है। शेख हसीना की सरकार के अगस्त 2024 में गिरने के बाद इस्कॉन के खिलाफ विरोध की लहर तेज हो गई है। कई इस्कॉन मंदिरों और केंद्रों पर हमले हुए हैं। संगठन के प्रमुख नेता चिन्मय कृष्ण दास प्रभु को जेल में डाला गया है। जनवरी 2025 में बांग्लादेश फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट ने इस्कॉन के 17 सदस्यों के बैंक खाते फ्रीज कर दिए थे। इन घटनाओं ने हिंदू समुदाय में दहशत पैदा कर दी है, जबकि कट्टरपंथी संगठन इसे राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा बता रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि राजनीतिक अस्थिरता का फायदा उठाकर धार्मिक उन्माद भड़काया जा रहा है, जिससे अल्पसंख्यक समुदाय लगातार खतरे में हैं।

## अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच शांति वार्ता फेल होने से चीन के माथे पर चिंता की लकीर

**इस्तांबुल (एजेंसी)।** तुर्की के इस्तांबुल में चल रही अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच शांति वार्ता फिर नाकाम होती दिख रही है। दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच लिखित गारंटी, शरणार्थी वापसी और सीमा सुरक्षा को लेकर बातचीत बेनतीजा रही। रिपोर्ट के मुताबिक, तालिबान नेतृत्व ने पाकिस्तान की शर्तों को 'अविश्वास पर आधारित' बताकर खारिज कर दिया। सूत्रों के अनुसार, इस विफलता का बड़ा कारण पाकिस्तान की बढ़त हासिल करने की नीति और तालिबान पर गहराता शक हैं।

खुफिया सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान चाहता था कि अफगानिस्तान लिखित में यह भरोसा दें कि अफगान धरती का इस्तेमाल तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) की ओर से नहीं होगा। लेकिन तालिबान सरकार ने इस शर्त को अपनी संप्रभुता पर चोट बताया और साफ इंकार कर दिया। अफगानिस्तान ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान 15 लाख से ज़्यादा अवैध अफगान शरणार्थियों की जबरन वापसी कराकर मानवीय संकट खड़ा कर रहा है। तालिबान ने कहा कि इस्लामाबाद 'शरणार्थियों के मुद्दे को राजनीतिक ब्लैकमेल' के औजार की तरह इस्तेमाल कर रहा है।

इसी दौरान रविवार को खैबर पख्तूनख्वा सीमा पर फिर झड़पें हुईं, जिसमें 5 पाकिस्तानी सैनिक और 25 उग्रवादी मारे गए। पाकिस्तान ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पड़ोसी देश अफगानिस्तान से घुसपैठ की दो बड़ी कोशिशों को नाकाम कर चार आत्मघाती हमलावरों सहित 25 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा ने बताया कि पांच सैनिक भी मारे गए।

वहीं तालिबान और पाकिस्तान के बीच सहमति नहीं बनने से चीन चिंतित है, क्योंकि असफल बातचीत सीपीईसी-अफगानिस्तान एक्सटेंशन कॉरिडोर के लिए झटका। पाकिस्तान का कहना है कि तालिबान सरकार उग्रवादियों पर काबू नहीं कर पा रही, जबकि काबुल का जवाब है कि पाकिस्तान को अपनी सुरक्षा खुद संभालनी चाहिए। खुफिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि अक्टूबर के मध्य से टीटीपी गुटों की सीमा पार आवाजाही फिर शुरू हो गई है। यह आवाजाही खोस्त और पक्तिका रूट से हो रही है। यही नहीं, वार्ता के बाद संयुक्त बयान तक जारी न हो पाने से तुर्की की मध्यस्थ छवि पर भी असर पड़ा है। वहीं दूसरी तरफ तुर्की के राजनयिकों ने स्वीकार किया कि 'दोनों पक्षों ने इस्तांबुल को सिर्फ प्रतीकात्मक मंच' की तरह इस्तेमाल किया, ताकि मुस्लिम भाईचारे का दिखावा किया जा सके।



# पहले टी20 में आज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत से शुरुआत करने उतरेगी भारतीय टीम

**कैनबरा (एजेंसी)।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले पहले टी20 मैच में जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने हाल में एशिया कप जीता है जिससे उसके हौसले बुलंद हैं। वहीं मेजबान टीम को घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। भारतीय टीम की बल्लेबाजी सूर्यकुमार के अलावा अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा जैसे खिलाड़ियों पर आधारित रहेगी। अभिषेक और शुभमन की सलामी जोड़ी इस सीरीज में भारतीय टीम को आक्रमक शुरुआत देना चाहेगी। अभिषेक की तूफानी बल्लेबाजी से भारतीय टीम के पास बड़े स्कोर बनाने का अवसर रहेगा। वहीं गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह के पास रहेगी। स्पिनर के तौर पर टीम के पास कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल जैसे खिलाड़ी हैं जिनका सामना करना कंगारुओं के लिए आसान नहीं रहेगा। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप ने हाल के महीनों में नई गेंद और डेथ ओवरों में शानदार नियंत्रण दिखाया है। अगर वह और बुमराह दोनों तेज गेंदबाज अपनी लय पा लें, तो ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ों के लिए रन बनाना कठिन हो पाएगा।

वहीं दूसरी ओर मिचेल मार्श की कप्तानी में उतर रही मेजबान टीम की बल्लेबाजी ट्रैविस हेड, मार्कस स्टोइनिस, और टिम डेविड पर आधारित रहेगी। वहीं स्पिन की जिम्मेदारी अनुभवी एडम जम्पा की अनुपस्थिति में तनवीर सांगा। संभालेंगे। तेज गेंदबाजी की कमान जोश हेजलवुड संभालेंगे । उनका साथ सीन सीन एबॉट व नाथन एलिस देंगे।

आंकड़ों पर नजर डालें तो भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक कुल 32 टी20 अंतराष्ट्रीय मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें भारतीय टीम का पलड़ा भारी है। उसे 20 मुकाबले में जीत मिली है, जबकि ऑस्ट्रेलिया केवल 11 मैच ही जीत पाई है और एक मैच का परिणाम नहीं निकला है। ऑस्ट्रेलिया की धरती पर भारत ने कुल 12 मैच खेले हैं, जिसमें उसे 7 में जीत मिली है जबकि ऑस्ट्रेलिया को 5 मैच में जीत मिली है। वहीं दोनों टीमों के बीच पिछले छह में से पांच मैचों में भारतीय टी जीती है।




### टीमें इस प्रकार हैं

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह और वाशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलियाः** मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, टिम डेविड, बेन ड्वार्शुइस, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमन, मिचेल ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा, ग्लेन मैक्सवेल और तनवीर सांगा।

# जसप्रीत बुमराह के पास इतिहास रचने का मौका, रिकॉर्ड तोड़ने से मात्र तीन विकेट दूर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज में टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम करने के कगार पर हैं। बुमराह को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज बनने के लिए अब सिर्फ तीन विकेट की जरूरत है।

फिलहाल यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर सईद अजमल के नाम है, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 मैचों में 19 विकेट लिए थे, औसत 14.26 के साथ। बुमराह ने अब तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 17 विकेट झटके हैं और इस सूची में उनके साथ पाकिस्तान के मोहम्मद आमिर, न्यूज़ीलैंड के मिशेल सैंटनर और ईश सोढ़ी भी शामिल हैं।

**टीम इंडिया के लिए बड़ी उम्मीदें**

तीन वनडे मैचों की सीरीज से आराम मिलने के बाद बुमराह अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 मुकाबलों में लौटने जा रहे हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने संकेत दिए हैं कि बुमराह पावरप्ले ओवर्स में भी गेंदबाज़ी करेंगे, जैसा कि उन्होंने एशिया कप 2025 में किया था।

सूर्यकुमार ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पावरप्ले में रन रोकना हमेशा चुनौती होती है। बुमराह ने पिछले टूर्नामेंट में नई गेंद से गेंदबाज़ी की ज़िम्मेदारी उठाई थी, और टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई थी।'

# टी20 सीरीज से पहले ट्रैविस हेड की भारत को चेतावनी, हम कुछ भी स्कोर कर सकते हैं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई विस्फोटक बल्लेबाज़ ट्रैविस हेड ने भारत के खिलाफशुरू होने जा रही पांच मैचों की टी20 सीरीज़ से पहले आत्मविश्वास भरा बयान दिया है। हेड का कहना है कि मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ी क्रम में इतनी ताकत है कि टीम किसी भी लक्ष्य का पीछा कर सकती है या फिर विशाल स्कोर खड़ा कर सकती है।

29 अक्टूबर से शुरू हो रही सीरीज़ से पहले हेड ने कहा कि टीम पावरप्ले में अधिकतम फायदा उठाने की कोशिश करेगी और शुरुआत में ही विपक्ष पर दबाव बनाने की रणनीति है।

हेड नेकहा, 'हमारे पास जब टिम डेविड, मार्कस स्टोइनिस, जोश इंग्लिस, कैमरन ग्रीन और ग्लेन मैक्सवेल जैसे पावर हिटर मौजूद हैं, तो हमें शुरुआत में रन बनाने होंगे। जब हमारी शुरुआत अच्छी होती है, तो हम कोई भी स्कोर बना सकते हैं।'

उन्होंने आगे कहा, 'मिच (मार्श) और मैं कोशिश करेंगे कि पावरप्ले ओवर्स में तेज़ शुरुआत करें। पिछले कुछ सालों से यह हमारी ताकत रही है – चाहे वनडे हो या टी20 – हम शुरुआती ओवर्स में आक्रामक खेलते हैं। कभी-कभी यह जोखिम भरा दिखता है, लेकिन यही हमारी रणनीति है।'

**ऑस्ट्रेलिया का मजबूत बल्लेबाज़ी क्रम**

इस सीरीज़ के लिए ऑस्ट्रेलिया ने बेहद दमदार बल्लेबाज़ी लाइन-अप चुनी है, जिसमें ट्रैविस हेड, कप्तान मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, टिम डेविड, मार्कस स्टोइनिस, जोश इंग्लिस और मैथ्यू शॉर्ट जैसे बल्लेबाज शामिल हैं। न्यूज़ीलैंड के खिलाफ पिछली टी20 सीरीज़ 2-0 से जीतने के बाद टीम इंडिया के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई टीम उसी लय को जारी रखना चाहेगी।

# श्रीकांत और कैफ ने सीमित ओवरों में शुभमन के असफल होने का कारण बताया

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट टीम के नये कप्तान शुभमन गिल के लिए अपना पहला दौरा बल्लेबाज़ी के लिहाज से अच्छा नहीं रहा और वह तीन मैचों में कुल मिलाकर 43 रन ही बना पाये। वहीं इससे पहले पहले इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट टीम की कप्तान करते हुए शुभमन ने 700 से अधिक रन बनाये। वहीं एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में भी उपकप्तान करते हुए उनकी बल्लेबाजी कुछ खास नहीं रही और वह सात पारियों में 127 रन ही बना सके। इससे साफ है कि वह सीमित ओवरों के क्रिकेट में रनों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। शुभमन के सीमित ओवरों में रन नहीं बना पाने का कारण टीम के पूर्व कप्तान कृष्णमाचारी श्रीकांत और पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने सभी प्रारूपों के कारण काम का बोझ ओर दो प्रारुपों में कप्तानी का दबाव बताया है। कैफ ने कहा




कि एक युवा खिलाड़ी के लिए इतनी कम उम्र में लगातार तीन प्रारूपों में खेलना और साथ ही कप्तानी की जिम्मेदारी संभालना शारीरिक और मानसिक रूप से थकाने वाला अनुभव है।

कैफ ने कहा, उन्होंने काफी मैच खेले हैं। उन्हें अलग-अलग प्रारुपों में पारी की शुरुआत करनी होती है और कप्तानी भी। फिर आईपीएल की कप्तानी भी है। नीलामी होने वाली है और इसके लिए गुजरात टाइटंस के साथ उनकी बात चल रही होगी। उनके पास काफी काम है और ऐसा लग रहा है कि इससे उनकी बल्लेबाजी पर प्रभावह पड़ा है। वह मानसिक रूप से थका हुआ लग रहा था।'

श्रीकांत ने कहा, इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद वह अपने पर और बेहतर प्रदर्शन के लिए दबाव डाल रहे हैं। उन्हें ऐसा नहीं करते हुए अपने खेल पर ध्यान देना चाहिए। तीसरे एकदिवसीय में उनके आउट होने का कारण हेजलवुड की अच्छी गेंदबाजी रही। उनकी बॉडी लैंग्वेज देखकर लगता है कि वह दबाव में हैं, क्योंकि उन्होंने रोहित शर्मा की जगह कप्तानी संभाली हैं। शुभमन गिल सितंबर 2024 से लगातार भारतीय टीम के साथ जुड़े हुए हैं औ इससे भी उनपर थकान हावी है।

# रवि शास्त्री ने दी ऑस्ट्रेलिया को चेतावनी, भारत के इस खिलाड़ी से संभलकर रहना



स्पोर्ट्स डेस्क। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुरू होने जा रही पांच मैचों की टी20 सीरीज से पहले टीम इंडिया के युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को लेकर पूर्व कोच रवि शास्त्री ने बड़ा बयान दिया है। शास्त्री का मानना है कि अभिषेक की विस्फोटक बल्लेबाज़ी ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के लिए सिरदर्द साबित हो सकती है। 29 अक्टूबर से शुरू होने वाली इस सीरीज से पहले शास्त्री ने फॉक्स क्रिकेट से बातचीत में कहा, 'अभिषेक एक शानदार टी20 खिलाड़ी है। अगर वह कुछ देर तक क्रीज पर टिक गया, तो मनोरंजन की गारंटी है। चाहे आप भारतीय हों या ऑस्ट्रेलियाई, उनकी बल्लेबाज़ी देखकर मज़ा आएगा। वह अकेले अपने दम पर मैच का रुख बदल सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया को उनसे सावधान रहना होगा।'

# अबू धाबी टी10 18 नवंबर से शुरू होगा, इन टीमों के बीच होगा पहला मुकाबला

नई दिल्ली - अबू धाबी टी10 18 नवंबर से शुरू होकर 30 नवंबर, 2025 तक चलेगा। इस तेज-तर्रार क्रिकेट टूर्नामेंट में लगभग दो हफ़्ते तक रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे, जिसमें खेल के कुछ सबसे बड़े नाम शामिल होंगे। सीजन के शुरुआती मैच में क्वेटा क्वालीफायर का सामना नॉर्दर्न वॉरियर्स से होगा, जिसके बाद गत विजेता डेक्कन ग्लेडिएटर्स और दिल्ली बुल्स के बीच एक रोमांचक मुकाबला होगा। यह टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा, जहां प्रत्येक टीम लीग चरण के दौरान प्रत्येक टीम से भिड़ेगी। ग्रुप मैचों के बाद, अंक तालिका में शीर्ष चार टीमें प्लेऑफ में पहुंच जाएंगी। प्लेऑफ चरण 29 नवंबर, 2025 को क्वालिफायर 1 के साथ शुरू होगा, जिसमें लीग चरण की शीर्ष दो टीमें हिस्सा लेंगी। इस मैच का विजेता फाइनल के लिए जगह बनाएगा, जबकि हारने वाली टीम को क्वालिफायर 2 में एक और मौका मिलेगा। उसी दिन, तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर में भिड़ेंगी। इस मैच का विजेता क्वालिफायर 2 में जाएगा जबकि हारने वाली टीम प्रतियोगिता से बाहर हो जाएगी। क्वालिफायर 2, जो 30 नवंबर, 2025 को निर्धारित है, में क्वालिफायर 1 की हारने वाली टीम एलिमिनेटर के विजेता से भिड़ेगी और क्वालिफायर 1 के विजेता के साथ फाइनल में शामिल होगी। फाइनल मैच भी उसी दिन बाद में खेला जाएगा, जिससे इस हाई-वोल्टेज टूर्नामेंट का समापन हो जाएगा। फाइनल के बाद, प्रशंसकों के लिए एक भव्य समापन समारोह होगा, जिसमें चैंपियन और अबू धाबी टी10 के रोमांचक क्रिकेट तमाशे का जश्न मनाया जाएगा।




# शमी ने 15 विकेट लेकर टीम इंडिया में वापसी की दावेदारी पेश की



नई दिल्ली। भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने यहां रणजी ट्रॉफी के दो मैचों में 15 विकेट लेकर एक बार फिर राष्ट्रीय टीम में अपनी दावेदारी पेश की है। शमी ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में गुजरात के खिलाफ मुकाबले में आठ विकेट लेकर अपनी टीम को 141 ??रनों से जीत दिलाई। शमी ने अंतिम दिन दूसरी पारी में पांच विकेट लिए, जिससे गुजरात की टीम 327 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 185 रनों पर ही आउट हो गई. शमी ने इस महीने की शुरुआत में ही उत्तराखंड के साथ बंगाल के पहले दौर के मुकाबले में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्होंने उस मुकाबले में सात विकेट लिए थे और बंगाल को आठ विकेट से जीत मिली थी। दो मैचों में 15 विकेट लेकर शमी इस सत्र में जम्मू-कश्मीर के औकिब नबी डार 17 विकेट और सर्विसेज के अर्जुन शर्मा 16 विकेट के बाद तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। शमी चैम्पयंस ट्रॉफी के बाद से ही टीम से बाहर हैं। चयन समिति के चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने हाल में कहा था कि उन्हें शमी की फिटनेस की जानकारी नहीं है। इसी कारण उनके नाम पर विचार नहीं हो रहा। अब शमी ने अपने प्रदर्शन से अपना फार्म और फिटनेस दिखायी है और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के लिए दावा पेश किया है।

# तुर्की की फुटबॉल लीग के सैकड़ों रेफरी सट्टेबाजी की जांच के घेरे में

**अंकारा (एजेंसी)।** तुर्की फुटबॉल महासंघ (ज्ञस्नस्न) के अध्यक्ष इब्राहिम हासियोसमानोग्लू ने सोमवार को कहा कि तुर्की की पेशेवर फुटबॉल लीग में काम करने वाले सैकड़ों रेफरी सट्टेबाजी की गतिविधियों में लिप्त पाए गए हैं। इस्तांबुल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में हासियोसमानोग्लू ने कहा कि उन्हें दंड के लिए अनुशासन समिति के पास भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी एजेंसियों के आंकड़ों से समर्थित एक आंतरिक जांच से पता चला है कि 571 सक्रिय रेफरियों में से 371 के पास सट्टेबाजी के खाते थे।

उन्होंने आगे कहा, 'राज्य संस्थानों से प्राप्त आंकड़ों और हमारी पेशेवर टीम के काम के अनुसार यह पाया गया कि पेशेवर लीगों में 571 सक्रिय रेफरी में से 371 के पास सट्टेबाजी खाते हैं। इनमें से 152 सक्रिय रूप से सट्टेबाजी करते पाए गए।' इस सूची में सात शीर्ष-श्रेणी के रेफरी, 15 शीर्ष-श्रेणी के सहायक रेफरी, 36 उच्च-श्रेणी के रेफरी और 94 उच्च-श्रेणी के सहायक रेफरी शामिल हैं।



हसिओसमानोग्लू ने कहा कि 10 रेफरी ने 10,000 से ज्यादा दांव लगाए, एक रेफरी ने अकेले 18,227 दांव लगाए, और 42 रेफरी ने 1,000 से ज्यादा फुटबॉल मैचों पर दांव लगाया। हालांकि कुछ रेफरी केवल एक बार ही दांव लगाते पाए गए। उन्होंने कहा, 'आज से हमारा अनुशासन बोर्ड आवश्यक कार्रवाई करेगा। उन्हें जल्द ही बोर्ड के पास भेजा जाएगा और हमारे नियमों के अनुसार दंडित किया जाएगा।'

उन्होंने बताया कि महासंघ ने अपने निष्कर्षों को फीफा और यूईएफए के साथ साझा किया है। टीएफएफ अध्यक्ष ने बताया कि समीक्षा में रेफरी से आगे बढ़कर महासंघ के सदस्यों को भी शामिल किया गया। उन्होंने कहा, 'हमने रेफरी से शुरुआत की, जिनमें मैं और मेरे बोर्ड के सदस्य शामिल हैं।' उन्होंने फुटबॉल क्लबों से भी ऐसा ही करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'जैसे हम अपने घर की सफाई कर रहे हैं, वैसे ही क्लब अध्यक्षों को भी खुद से, अपने बोर्ड और अपने खिलाड़ियों से शुरुआत करनी चाहिए और परिणामों को पारदर्शी तरीके से जनता के साथ साझा करना चाहिए।'

उन्होंने आगे कहा, 'अगर ऐसा नहीं होता है, तो हम संबंधित राज्य निकायों के साथ काम करना जारी रखेंगे और अपने निष्कर्षों को सार्वजनिक करेंगे।' हालांकि तुर्की में एक ही राज्य द्वारा संचालित प्रणाली के तहत खेलों पर सट्टा लगाना कानूनी है, लेकिन रेफरी, खिलाड़ियों और अधिकारियों को किसी भी फुटबॉल मैच पर सट्टा लगाने की सख्त मनाही है।

# श्रेयस की हालत अब पहले से बेहतर : सूर्यकुमार



नई दिल्ली। भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि श्रेयस अय्यर की हालत में सुधार आया है और वह पहले से ठीक हैं और बात भी कर रहे हैं। श्रेयस को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में क्षेत्ररक्षण के दौरान पसलियों में चोट लग गयी थी। जिसके बाद से ही वह आईसीयू में भर्ती थे। उन्हें अंतिम मैच में कैच पकड़ते समय पसलियों में चोट लगी थी। इसके बाद उनको अस्पताल ले जाया गया था, क्योंकि ड्रेसिंग रूम में वह दर्द से परेशान थे। सूर्यकुमार ने कहा, हमने उससे बात की है। जब हमें पहले दिन पता चला कि उसको चोट लगी है। तो मैंने पहले उसको ही फोन किया पर तब उसे पास फोन नहीं था। ऐसे में मैंने अपने फिजियो को फोन किया। तो उन्होंने बताया कि वो अब ठीक है। पहले दिन उनकी हालत खराब भी पर अब ठीक है। अभी दो दिन से वह बात कर रहा है। वह फोन पर जवाब दे रहा है। इसका मतलब है कि वह स्थिर है। डॉक्टर भी साथ ही में हैं जिससे साफ है कि सब ठीक है। सूर्या ने साथ ही कहा, डॉक्टरों के अनुसार अभी वह कुछ और दिन निगरानी में रहेगा। है। दूसरी बात ये कि देखिए हम लोग तो डॉक्टर नहीं है तो इस बारे में अधिक कुछ कह नहीं सकते। पहले हमें लगा था कि उसे सामान्य चोट लगी है पर बार में वह गंभीर निकली। डॉक्टर और फिजियो के अनुसार जो कुछ हुआ वह आम तौर पर नहीं होता। ऐसा कभी-कभार ही होता है। श्रेयस जैसी प्रतिभा भी तो हमेशा नहीं मिलती हालांकि भगवान की कृपा से अब वह ठीक हो रहे हैं। डॉक्टर उनके स्वास्थ्य पर नजर बनाये हुए हैं।

# रोहित और विराट को 2027 के लिए टीम में जगह मिलना तयः गावस्कर



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुई सीरीज में जिस प्रकार से विराट कोहली और रोहित शर्मा ने खेला है। उसको देखते हुए इन दोनो को ही 2027 एकदिवसीय विश्वकप के लिए टीम में जगह मिलना तय है। गावस्कर के अनुसार इस दोनो के अनुभव और क्षमताओं को देखने हुए ही इन्हें विश्वकप के लिए जगह दी जाएगी। वहीं रोहित और विराट पहले ही ये संकेत दे चुके हैं कि इन्हें 2027 विश्वकप खेलना है।

गावस्कर ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों के फैसले और दबाव में फैसले लेने की उनकी क्लास ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में देखने में आई। इस पूर्व कप्तान का मानना है कि इन दोनो को 2027 विश्व कप में खेलना चाहिये। गावस्कर ने कहा, 'जिस समय इन दोनो ने इस दौरे के लिए अपने को उपलब्ध कराया, उससे यह साफ हो गया कि वे 2027 विश्व कप में रहना चाहते हैं। अब से तब तक चाहे कुछ भी हो, चाहे वे रन बनाएं या नहीं। उनकी काबिलियत और अनुभव के साथ अगर वे उपलब्ध रहते हैं तो निश्चित रूप से टीम में होंगे। जिस प्रकार की लय इन दोनो ने ऑस्ट्रेलिया सीरीज में दिखायी है। उससे आज इन्हें दक्षिण अफ्रीका में होने वाले 2027 विश्व कप के लिए की टीम में जगह दे सकत हैं।' ऑस्ट्रेलिया दौरे में रोहित ने एक शतक और एक अर्धशतक लगाया। वहीं कोहली पहले दो एकदिवसीय में खाता नहीं खोल पाये पर तीसरे एकदिवसीय में उन्होंने नाबाद अर्धशतक लगाया। इन दोनो की 168 रनों की नाबाद साझेदारी से भारतीय टीम ने आसानी से तीसरा एकदिवसीय जीत लिया।

# महिला विश्व कप : भारत के खिलाफ वापसी कर सकती है एलिसा हीली, पास किया फिटनेस टेस्ट



नई दिल्ली। पिछले हफ्ते इंग्लैंड के खिलाफ मैच से पहले ट्रेनिंग सेशन के दौरान काफ इंजरी के कारण पिछले दो लीग स्टेज मैच से बाहर रहने वाली ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलिसा हीली भारत के खिलाफ वापसी कर सकती है। गुरुवार को मुंबई में हीली ने अच्छी रिकवरी करते हुए फिटनेस टेस्ट पास कर लिया। इसके बाद उन्होंने विकेट-कीपिंग ड्रिल में हिस्सा लिया और फिर एक फुल नेट सेशन किया, जिसमें उन्हें ICC वेबसाइट के अनुसार नेट बॉलर्स के खिलाफ बड़े शॉट मारते देखा गया। इंदौर में दक्षिण अफ्रीका पर ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद हेड कोच शेली निट्स्के ने उम्मीद जताई थी कि हीली सेमीफाइनल से पहले पूरी तरह फिट हो जाएंगी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 7 विकेट से जीत के बाद निट्स्के ने कहा था, 'वह आज रात पूरी तरह फिट नहीं थीं, लेकिन उनका असेसमेंट जारी रहेगा। हम सेमीफाइनल के लिए बहुत उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन उससे पहले अभी कुछ दिन बाकी हैं। हम फिर से उम्मीद कर रहे हैं, जैसे-जैसे हम उसके करीब पहुंचेंगे, उनका असेसमेंट जारी रहेगा।' हीली डिफेंडिंग चैंपियन के लिए शानदार फॉर्म में रही हैं, उन्होंने वर्ल्ड कप में अब तक सिर्फ चार पारियों में 98 की औसत और 131.25 के स्ट्राइक-रेट से 294 रन बनाए हैं। उनका अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन संयोग से भारत के खिलाफ आया जो ऑस्ट्रेलिया का अगला सेमीफाइनल विरोधी है। जब उन्होंने 21 चौकों और तीन छक्कों की मदद से शानदार 142 रन बनाए। इससे ऑस्ट्रेलिया को एक रिकॉर्ड जीत हासिल करने में मदद मिली। हीली की गैरमौजूदगी में ताहलिया मैकग्रा ने ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की, लेकिन कप्तान की वापसी गुरुवार को नवी मुंबई में होने वाले सेमीफाइनल से पहले डिफेंडिंग चैंपियन के लिए एक बड़ा बूस्ट होगा।

# स्मृति मंधाना ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग के साथ वनडे बैटिंग रैंकिंग में पक्का किया टॉप स्थान

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार 109 रन और बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू ICC महिला क्रिकेट विश्व कप में 34 रन बनाकर महिला वनडे रैंकिंग में टॉप बल्लेबाज के तौर पर अपनी जगह पक्की कर ली है, जिससे उन्हें करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग मिली है।

मंधाना, जिन्हें सितंबर 2025 के लिए ICC महिला प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया था, 828 की रेटिंग पर पहुंच गईं, जो दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलियाई एशले गार्डनर से लगभग 100 अंक ज्यादा है। गार्डनर 731 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं और टूर्नामेंट में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद शतक के दम पर छह स्थान ऊपर चढ़ गई हैं। मंधाना की ओपनिंग पार्टनर प्रतिका रावल, जो चोट के कारण टूर्नामेंट के बाकी मैचों में नहीं खेल पाएंगी, ने भी बड़ी छलांग लगाई और टॉप 30 में जगह बनाते हुए 564 की रेटिंग के साथ 27वें स्थान पर पहुंच गईं।

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट भी 90 और 31 रन बनाकर टॉप तीन में पहुंच गईं, दो स्थान ऊपर चढ़ गईं। इंग्लैंड की एमी जोन्स चार स्थान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर (656) पहुंच गईं, जबकि एनाबेल सदरलैंड 16 स्थान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर (613) पहुंच गईं, जो टॉप 40 खिलाड़ियों में सबसे बड़ी छलांग है।

गेंदबाजों में इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन 747 रेटिंग के साथ बॉलिंग चार्ट में सबसे आगे हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया की अलाना किंग करियर की सबसे ऊंची रेटिंग 698 के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गईं, उन्होंने अपनी टीम की साथी एश गार्डनर को पीछे छोड़ दिया, जो तीसरे स्थान पर (689) खिसक गईं।

पाकिस्तान की नशरा संधू साथी लेफ्ट-आर्म ऑर्थोडॉक्स स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा (610) के साथ संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर हैं, जबकि तेज गेंदबाज मारिजेन कैप और एनाबेल सदरलैंड भी एक-एक स्थान ऊपर चढ़कर क्रमशः चौथे और सातवें स्थान पर पहुंच गईं। गार्डनर के कमाल ने ऑल-राउंडर रैंकिंग में उनकी नंबर 1 पोजीशन (रेटिंग 503) पक्की कर दी है, हालांकि उनके पीछे अब नई नंबर 2 खिलाड़ी मैरिज़ेन कैप हैं, जिन्होंने 422 की रेटिंग के साथ वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज को पीछे छोड़ दिया है। इस बीच सदरलैंड चौथे स्थान पर खिसक गईं।



## सेबी से मंजूरी के बाद मिल्की मिस्ट लाएगी 2,035 करोड़ का आईपीओ

### कंपनी जुटाए पैसे से कर्ज घटाएगी, नई फैक्टरियां लगाएगी और कारोबार बढ़ाएगी

**नई दिल्ली** दक्षिण भारत की लोकप्रिय डेयरी ब्रांड मिल्की मिस्ट डेयरी फूड्स लिमिटेड को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से अपने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मंजूरी मिल गई है। कंपनी करीब 2,035 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही है। इसमें से 1,785 करोड़ नए शेयर जारी करके और 250 करोड़ पुराने शेयर बेचकर जुटाए जाएंगे।कंपनी के संस्थापक और उनकी पत्नी पुराने शेयर बेचेंगे। कंपनी इस आईपीओ से मिले धन का उपयोग मुख्य रूप से कर्ज चुकाने] नई फैक्टरियां और उपकरण लगाने, सप्लाई चेन मजबूत करने तथा दैनिक खर्चों में करेगी। मई 2025 तक मिल्की मिस्ट पर 1,463 करोड़ का कर्ज था, जिसे घटाने की दिशा में यह आईपीओ अहम कदम साबित होगा।

## अमेजन में फिर बड़ी छंटनी, 30,000 कर्मचारियों की नौकरी पर खतरा

### खर्चों में कटौती और कोविड के दौरान हुई ओवरहायरिंग बनी मुख्य वजह

**मुंबई** दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन एक बार फिर बड़ी छंटनी की तैयारी में है। एक रिपोर्ट के अनुसार कंपनी 30,000 कॉर्पोरेट कर्मचारियों की छंटनी शुरू करने जा रही है। यह संख्या अमेजन के कुल लगभग 3.5 लाख कॉर्पोरेट कर्मचारियों का करीब 10 प्रतिशत है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फैसला कंपनी ने खर्चों में कटौती और ऑपरेशनल दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से लिया है। कोविड-19 महामारी के दौरान ऑनलाइन शॉपिंग की मांग में तेजी आने पर अमेजन ने बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की भर्ती की थी। अब जब मांग सामान्य स्तर पर लौट आई है, तो कंपनी अपने कर्मचारियों की संख्या घटा रही है।

## ट्रंप प्रशासन बढ़ा रहा फेड अध्यक्ष की नियुक्ति का सस्पेंस

### जेरोम पॉवेल की कुर्सी पर पांच दावेदार

**नई दिल्ली** अमेरिका में अगले साल फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने पांच संभावित उम्मीदवारों की पुष्टि की है। बेसेंट ने एशिया यात्रा के दौरान एयर फोर्स वन में मीडिया से बातचीत में कहा कि दूसरे दौर की इंटरव्यू प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी और थैंक्सगिविंग के बाद ट्रंप के सामने शॉर्टलिस्ट पेश की जाएगी। बेसेंट फेड की नीतियों और वित्तीय संकटों पर उठाए गए कदमों के आलोचक रहे हैं। नए नेतृत्व के आने पर ब्याज दर और अन्य मौद्रिक नीतियों में बड़े बदलाव की संभावना जताई जा रही है। ट्रंप ने पॉवेल पर पुराने आरोप दोहराते हुए कहा कि उन्होंने ब्याज दरों में कटौती में देरी की। पॉवेल मई 2026 तक चेयर बने रहेंगे और जनवरी 2028 तक फेड बोर्ड में गवर्नर के रूप में रह सकते हैं। ट्रंप नए गवर्नर को मई में चेयर बनाने का वैकल्पिक रास्ता भी चुन सकते हैं।

## सोने का भाव लगभग 1.15 लाख तक आ सकता है: रिपोर्ट

**नई दिल्ली** अक्टूबर की शुरुआत में रिकॉर्ड ऊंचाई तक पहुंचने के बाद सोने ने फिलहाल ब्रेक लिया है। एमसीएक्स पर 10 ग्राम के लिए सोना लगभग 1.21 लाख पर कारोबार कर रहा है। पिछले कुछ महीनों में सोने की कीमत 75,000 से 1.30 लाख तक बढ़ चुकी थी। विशेषज्ञों के अनुसार, इस तेज बढ़ोतरी के बाद 10-15 फीसदी की गिरावट स्वाभाविक थी। बाजार के जानकारों का कहना है कि सोने का भाव लगभग 1.15 लाख रुपए तक आ सकता है। गिरावट के बावजूद सोने की मांग मजबूत है। यदि कीमतें दीवाली और शादी के सीजन से पहले थोड़ी और गिरती हैं, तो खरीदारी में और तेजी आने की संभावना है। निवेशक ज्वेलरी, सिक्के और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सोने में निवेश कर रहे हैं। अमेरिकी शटडाउन और राजनीतिक अनिश्चितताओं ने निवेशकों के मनोबल पर असर डाला है। इसके कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व पर ब्याज दरें घटाने का दबाव बढ़ सकता है, जिससे सोने की मांग और मजबूत हो सकती है। चांदी ने भी सोने का रुख अपनाया, लेकिन लगभग 9 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। मुनाफा वसूली, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में वृद्धि और सप्लाई की सहजता इसके मुख्य कारण रहे। ।

# विदेशी निवेशक साझेदारी से भारतीय रियल एस्टेट में बढ़ा रहे निवेश: रिपोर्ट

**▸▸ प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में गिरावट, घरेलू निवेश में वृद्धि**

**नई दिल्ली**

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी निवेशक सीधे निवेश की बजाय भारतीय रियल एस्टेट में स्थानीय कंपनियों के साथ साझेदारी करने लगे हैं।

रियल एस्टेट सलाहकार वेस्टियन के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई-सितंबर 2025 में विदेशी और घरेलू कंपनियों का संयुक्त निवेश 72.658 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा, जो पिछले साल इसी अवधि के 10.976 करोड़ डॉलर की तुलना में लगभग 6.6 गुना अधिक है।

रिपोर्ट के अनुसार, इसी तिमाही में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) केवल 14.069 करोड़ डॉलर रहा। यह एक साल पहले की तुलना में 68 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है, जब यह 43.647 करोड़ डॉलर था।विशेषज्ञों के अनुसार, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण निवेशक सीधे पूंजी लगाने के बजाय स्थानीय साझेदारों के माध्यम से जोखिम कम करना पसंद कर रहे हैं। जुलाई-सितंबर 2025 में घरेलू निवेशकों ने 89.222 करोड़ डॉलर का निवेश किया, जो पिछले साल की 41.455 करोड़ डॉलर की तुलना में लगभग दोगुना है।

घरेलू निवेश में यह वृद्धि भारतीय रियल एस्टेट बाजार की स्थिरता और आकर्षक संभावनाओं को दर्शाती है।

वेस्टियन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मुख्य रूप से वाणिज्यिक परिसंपत्ति वर्ग में संचालित संस्थागत निवेश में सालाना आधार पर 83 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

यह आंकड़ा भारतीय रियल एस्टेट की वैश्विक चुनौतियों के बावजूद मजबूत लचीलापन और निवेशकों के लिए स्थिर अवसरों की पुष्टि करता है।

## नवंबर में 10 दिन रहेगा बैंकों में अवकाश

### डिजिटल बैंकिंग और ऑनलाइन सुविधाएं इन छुट्टियों में भी चलती रहेंगी

**मुंबई** अक्टूबर में जहां छुट्टियों की भरमार थी, वहीं नवंबर में ऐसा नहीं है। पूरे महीने में 9 से 10 दिन बैंक बंद रह सकते हैं। इसमें रविवार और दूसरा-चौथा शनिवार तो पूरे देश में छुट्टी रहेगी ही, साथ में कुछ खास त्योहारों की वजह से भी कुछ जगहों पर बैंक बंद रहेंगे। डिजिटल बैंकिंग और ऑनलाइन सुविधाएं इन छुट्टियों में भी चलती रहेंगी। नवंबर में पहली बैंक हॉलिडे 5 नवंबर को है। इस दिन गुरु नानक जयंती और कार्तिक पूर्णिमा है। पूरे देश में इस दिन बैंक बंद रहेंगे. इसके अलावा 1 नवंबर को बंगलूरू में कन्नड़ राज्योत्सव और देहरादून में इगास-बग्वाल की वजह से बैंक बंद रहेंगे। फिर 7 नवंबर को शिलांग में वंगाला महोत्सव के कारण वहां बैंक बंद होंगे। 8 नवंबर को दूसरा शनिवार है, तो पूरे देश में छुट्टी होगी, लेकिन बंगलूरू में कनकदास जयंती भी है, तो वहां भी बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावा 2, 9, 16, 23 और 30 नवंबर को रविवार की वजह से पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे। 22 नवंबर को चौथा शनिवार है, तो उस दिन भी छुट्टी रहेगी। कुल मिलाकर पूरे महीने में 9 से 10 दिन बैंक बंद रह सकते हैं।

## सरकारी बैंकों में एफडीआई सीमा 49 फीसदी तक बढ़ाने की तैयारी में सरकार

### योजना के तहत सरकार बैंकों में कम से कम 51 फीसदी हिस्सेदारी अपने पास रखेगी




**नई दिल्ली** सरकार सरकारी बैंकों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। फिलहाल यह सीमा 20 फीसदी है। प्रस्ताव है कि इसे 49 फीसदी तक बढ़ाया जाए। योजना के तहत सरकार बैंकों में कम से कम 51 फीसदी हिस्सेदारी अपने पास रखेगी, जिससे सरकारी नियंत्रण सुरक्षित रहेगा। वर्तमान में निजी बैंकों में एफडीआई सीमा 74 फीसदी है। सरकार का मानना है कि सीमा बढ़ाने से सरकारी बैंकों को अधिक पूंजी जुटाने में मदद मिलेगी और वे वित्तीय रूप से मजबूत बन सकेंगे। यह कदम निजी और सरकारी बैंकों के बीच निवेश संबंधी नियमों में समानता भी लाएगा। विदेशी निवेशकों की रुचि तेजी से बढ़ रही है। दुबई की ऐ मिरेटेस एनबीडी ने हाल ही में आरबीएल बैंक में 60 फीसदी हिस्सेदारी 3 अरब डॉलर में खरीदी, जबकि जापान की एसएमबीसी ने मई 2025 में यश बैंक बैंक में 20 फीसदी हिस्सेदारी हासिल की। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस प्रस्ताव पर राय देने के लिए कहा है।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद




**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिलेजुले संकेतों के साथ ही बिकवाली वाली रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 150.68 अंक नीचे आकर 84,628.16 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 29.85 अंक टूटकर 25,936.20 पर बंद हुआ था। वहीं व्यापक बाजार में भी हल्की गिरावट देखने में आई पर बैंकिंग और मेटल शेयरों में बढ़त रही। । निफ्टी पीएसयू बैंक 1.21 फीसदी और निफ्टी बैंक 0.17 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुए। वहीं निफ्टी मेटल 1.23 फीसदी, निफ्टी इन्फ्रा 0.15 फीसदी और निफ्टी कमोडिटीज 0.14 फीसदी उछलकर बंद हुआ। निफ्टी ऑटो 0.42फीसदी, निफ्टी आईटी 0.74 फीसदी, निफ्टी फार्मा 0.27 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी 0.57 फीसदी, निफ्टी रियल्टी 1.05 फीसदी और निफ्टी एनर्जी 0.34 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ।

दूसरी ओर निफ्टी मिडकैप और निफ्टी स्मॉलकैप में भी मिश्रित कारोबार हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 14 अंक की हल्की गिरावट के साथ 59,765.35 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 4 अंक बढ़कर 18,407.60 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, एलएंडटी, एसबीआई, कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल, इटरनल (जोमैटो) और एचडीएफसी के शेयर ऊपर आये जबकि आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एमएंडएम, पावर ग्रिड, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, एचसीएल टेक, एक्सिस बैंक और अल्ट्राटेक के शेयरों को नुकसान हुआ ।

वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। सुबह सेंसेक्स की 84,625.71 अंक पर शुरुआत की, जो पिछले बंद से 153.13 अंक नीचे था। इसी तरह निफ्टी 50 ने 25,939.95 के स्तर पर ओपनिंग की और इसमें 0.1 फीसदी की गिरावट देखी गई। निफ्टी बैंक भी कमजोर शुरुआत के साथ 58,006.55 अंक पर खुला, जो 0.18 फीसदी की गिरावट दिखा रहा है। वहीं एशिया-प्रशांत क्षेत्र के ज्यादातर बाजार मंगलवार को गिरावट में रहे। नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक, जापान का निक्केई 0.25 फीसदी गिरा, टॉपिक्स इंडेक्स 0.49 फीसदी नीचे आया, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.4 फीसदी टूटा, और ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 0.31 फीसदी कमजोर हुआ।

# टाटा स्टील के शेयर आंख बंद कर खरीद लो....करीब 30 फीसदी का रिटर्न दे सकता

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार में हफ्ते के पहले ट्रेडिंग सेशन दिन सोमवार को जोरदार तेजी देखने को मिली। अमेरिका-चीन के बीच ट्रेड डील को लेकर सकारात्मक संकेतों से वैश्विक बाजारों में सुधार दिखाई दिया। इसका असर भारतीय बाजार पर भी दिखा। सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में रहे। बाजार में मूड के बीच घरेलू ब्रोकरेज हाउस ने टाटा स्टील पर अपनी रेटिंग को अपग्रेड किया है। ब्रोकरेज का कहना है कि यूरोपीय बाजार में सुधार की उम्मीद, घरेलू कारोबार में मजबूती और उचित वैल्यूएशन शेयर को आकर्षक बनाता है। घरेलू ब्रोकरेज हाउस ने टाटा स्टील पर अपनी रेटिंग को 'रिडयूस' से अपग्रेड कर 'एडड' कर दिया है। ब्रोकरेज ने स्टॉक पर 224 रुपये का टारगेट प्राइस तय किया है। इस तरह, शेयर निवेशकों को करीब 30 फीसदी का रिटर्न दे सकता है। टाटा स्टील के शेयर शुक्रवार को 174.50 रुपये पर बंद हुए। ब्रोकरेज के अनुसार, टाटा स्टील को यूरोप में स्टील की मांग में सुधार से बड़े पैमाने पर लाभ मिलने की उम्मीद है। इस युद्ध के बाद रिकंस्ट्रक्शन की विशाल योजनाओं से समर्थन मिलेगा। रूस-यूक्रेन संघर्ष एक संभावित समझौते के करीब पहुंच गया है। रिकंस्ट्रक्शन पर 800 अरब डॉलर से अधिक खर्च होने का अनुमान जताया गया है। यह निवेश पूरे महाद्वीप में इंफ्रास्ट्रक्चर, एनर्जी और विनिर्माण क्षेत्रों में तेज वृद्धि को बढ़ावा देगा। ब्रोकरेज ने कहा कि यूरोपीय संघ का नया निर्णय इस आशावाद को और मजबूत करता है। यूरोपीय यूनियन 2026 के मध्य तक शुल्क-मुक्त स्टील इंपोर्ट कोटा को आधा करेगा। साथ ही, कोटा से बाहर के आयात पर शुल्क 50 प्रतिशत तक दोगुना किया जाएगा। इससे आपूर्ति सीमित होगी और क्षेत्रीय कीमतों में बढ़ोतरी की उम्मीद है। ब्रोकरेज के अनुसार, इन कारकों से टाटा स्टील यूरोप की आय और प्रॉफिटेबिलिटी में सुधार होगा। यह हाल के कमजोर मार्जिन के प्रभाव को संतुलित करेगा। इतना ही नहीं घरेलू ब्रोकरेज ने टाटा स्टील के भारत में कारोबार पर अपनी राय दी। ब्रोकरेज ने कहा कि कंपनी को संरक्षणवादी नीतियों का लाभ मिलाता रहेगा।




## लैंसकार्ट का 70,000 करोड़ का आईपीओ 31 अक्टूबर से खुलेगा

### कंपनी 7,024 करोड़ जुटाने की तैयारी में

lenskart

**मुंबई** आईवियर कंपनी लैंसकार्ट अब शेयर बाजार में कदम रखने जा रही है। कंपनी का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) 31 अक्टूबर से 4 नवंबर तक खुला रहेगा और इसके शेयर 10 नवंबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे। कंपनी की वैल्यूएशन करीब 70,000 करोड़ आंकी गई है। आईपीओ का प्राइस बैंड 382 से 402 प्रति शेयर तय किया गया है। कुल इश्यू साइज 7,024 करोड़ का होगा, जिसमें से 2,150 करोड़ के नए शेयर जारी होंगे और 4,875 करोड़ के शेयर मौजूदा निवेशक बेचेंगे। इस इश्यू के ज़रिए कंपनी करीब 830 मिलियन डॉलर जुटाने की योजना बना रही है। आईपीओ से मिलने वाली रकम का उपयोग कंपनी नए कोको स्टोर खोलने, तकनीकी सुधार, ब्रांड प्रमोशन और व्यापार विस्तार में करेगी। वित्त वर्ष 2024-25 में लैंसकार्ट की कुल आय 6,652.5 करोड़ रुपए रही, जो पिछले साल से 22.5 फीसदी अधिक है। कंपनी ने इस वर्ष 297.34 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जबकि पिछले वर्ष उसे घाटा हुआ था।

# भारत के स्मार्टफोन निर्यात ने सितंबर में बनाया 1.8 अरब डॉलर का नया रिकॉर्ड

**▸▸ एप्पल के आईफोन निर्यात ने संभाली 75 फीसदी हिस्सेदारी**

**मुंबई**



भारत के स्मार्टफोन निर्यात ने इस साल सितंबर में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश ने सितंबर 2025 में 1.8 अरब डॉलर के स्मार्टफोन निर्यात किए, जो पिछले साल सितंबर 2024 के 92.3 करोड़ डॉलर की तुलना में लगभग 100 प्रतिशत अधिक हैं। यह अब तक किसी एक महीने में स्मार्टफोन निर्यात की सबसे बड़ी छलांग है। वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में स्मार्टफोन निर्यात 13.5 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 8.4 अरब डॉलर की तुलना में 60 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इस वृद्धि एप्पल की प्रमुख भूमिका रही, जिसने 10 अरब डॉलर से अधिक के आईफोन निर्यात किए, कुल स्मार्टफोन निर्यात का लगभग 75 प्रतिशत था। एप्पल के दो प्रमुख विनिर्माण साझेदार फॉक्सकॉन और टाटा इलेक्ट्रॉनिक ने समान रूप से लगभग 5-5 अरब डॉलर का योगदान दिया। दोनों ही उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत काम कर रहे हैं। टाटा का नवीनतम आईफोन संयंत्र इस साल अप्रैल में होसुर में शुरू हुआ। इसके विपरीत सैमसंग के निर्यात में 17 प्रतिशत की गिरावट** दर्ज की गई, क्योंकि उसकी पीएलआई योजना मार्च 2025 में समाप्त हो गई। स्मार्टफोन निर्यात में इस तेजी ने भारत के कुल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात को भी नई ऊंचाई दी है। वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 22.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 42 प्रतिशत अधिक है।

# 1 नवंबर से होगा आधार कार्ड से जुड़े बड़े नियमों में बदलाव

### जानकारी अपडेट करने के लिए नामांकन केंद्र जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी

**मुंबई**

आधार कार्ड से जुड़े नियमों में अगले महीने 1 नवंबर से कुछ बड़े बदलाव होने जा रहे हैं।

अब आपको आधार में अपनी जानकारी अपडेट करने के लिए नामांकन केंद्र जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आप घर बैठे ही ऑनलाइन अपने नाम, पता, जन्मतिथि या मोबाइल नंबर जैसी जानकारी बदल सकते हैं। ये सुविधा आधार को और आसान व सुरक्षित बनाने के लिए लाई गई है। साथ ही आधार को पैन कार्ड से जोड़ना भी अब जरूरी हो गया है। अगर आपने ऐसा नहीं किया, तो आपका पैन कार्ड इनएक्टिव हो सकता है। आप जो जानकारी देंगे, जैसे नाम या पता, वो सरकारी डॉक्यूमेंट्स जैसे पैन, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस या राशन कार्ड से अपने आप चेक हो जाएगी। इससे अपडेट की प्रोसेस तेज, आसान और सुरक्षित हो जाएगा। अब हर पैन धारक को 31 दिसंबर 2025 तक अपने पैन को आधार से जोड़ना होगा. अगर आप ऐसा नहीं करते, तो 1 जनवरी 2026 से आपका पैन कार्ड इनएक्टिव हो जाएगा। इसके अलावा, बैंक और दूसरी वित्तीय संस्थानों के लिए केवायसी प्रोसेस को भी आसान किया गया है। अब केवायसी के लिए आधार ओटीपी, वीडियो केवायसी या आमने-सामने सत्यापन का इस्तेमाल होगा। ये सब पेपरलेस और तेज है।




## एसआईपी में निवेश के बाद भी पोर्टफोलियो स्थिर.....चिंता की कोई बात नहीं



**मुंबई**

अगर आप पिछले एक साल से हर महीने एसआईपी में निवेश कर रहे हैं और फिर भी आपका पोर्टफोलियो करीब वहीं का वहीं है, तब चिंता की जरूरत नहीं है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह किसी खराब फंड का परिणाम नहीं बल्कि पूरे बाजार की सुस्ती का असर है। जुलाई 2024 से अक्टूबर 2025 के बीच निफ्टी 500 इंडेक्स में सिर्फ करीब 2 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है, जिससे निवेशकों की एसआईपी ग्रोथ लगभग स्थिर दिखाई दे रही है।

रिपोर्ट बताती है कि एसआईपी को केवल एक साल में आंकना गलत है।

निवेश एक लंबी प्रक्रिया है और इसका सही मूल्यांकन कम से कम तीन साल बाद किया जा सकता है।

जो निवेशक नियमित और धैर्यपूर्वक निवेश जारी रखते हैं, वे लंबे समय में बेहतर रिटर्न हासिल करते हैं। कई बार बाजार में गिरावट के दौरान निवेशक एसआईपी रोक देते हैं, यह सोचकर कि नुकसान कम होगा, लेकिन दरअसल यही समय सबसे ज्यादा फायदेमंद होता है, क्योंकि उस वक्त खरीदी गई यूनिट्स भविष्य में अधिक मुनाफा देती हैं।

वैल्यू रिसर्च ने कहा है कि बहुत सारे फंड्स में निवेश बांट देना समझदारी नहीं है। कई निवेशक यह मानते हैं कि ज्यादा फंड्स का मतलब ज्यादा सुरक्षा, लेकिन असल में इससे पोर्टफोलियो बिखर जाता है। उदाहरण के तौर पर, अगर कोई निवेशक 15,000 को 10 फंड्स में बांटता है, तब हर फंड में सिर्फ 1,500 का निवेश होता है, जिससे खास असर नहीं पड़ता।

## चीन की 3 कंपनियों ने लांच किए अपने फ्लैगशिप फोन



**नई दिल्ली**

चाइना की तीन कंपनियों ओप्पो, शाओमी और वीवो ने चीन में अपने फ्लैगशिप फोन लॉन्च कर दिए हैं। आने वाले महीनों में, इन कंपनियों का फोकस अल्ट्रा ब्रांड वाले फ्लैगशिप फोन्स पर रहने की उम्मीद है, जिनमें बड़े डिस्प्ले, बेहतरीन कैमरा और प्रीमियम स्पेसिफिकेशन्स मिलेंगे।

हाल ही में टिप्स्टर स्मार्ट पिकाचु ने ओप्पो फाइंड एक्स9 अल्ट्रा के बारे में कुछ नई जानकारी साझा की है, जिसमें सबसे बड़ी बैटरी और कैमरा अपग्रेड्स की बात सामने आई है। लीक के अनुसार, फाइंड एक्स 9अल्ट्रा अपने पिछले अल्ट्रा मॉडल्स से बड़ी बैटरी के साथ आएगा।

जबकि अभी सटीक क्षमता सामने नहीं आई है, ओप्पो पहले ही कह चुका है कि 7000 एमएएच नहीं तो फ्लैगशिप नहीं, जिससे संकेत मिलता है कि एक्स 9अल्ट्रा में कम से कम 7000 एमएएच की बैटरी हो सकती है। यह शाओमी 17 अल्ट्रा और वीवो एक्स300 अल्ट्रा में मिलने वाली बैटरी से भी बड़ी हो सकती है। डिस्प्ले और कैमरा के मामले में भी एक्स 9अल्ट्रा प्रीमियम होगा। टिप्स्टर के मुताबिक इसमें 2के रिजॉल्यूशन वाली 6.8 इंच की स्क्रीन और आई प्रोटेक्शन सपोर्ट मिलेगा।

कैमरा सेटअप क्वाड लेंस का होगा, जिसमें पेरिस्कोप टेलीफोटो कैमरों की जोड़ी शामिल है। दोनों पेरिस्कोप कैमरों को बड़े सेंसर के साथ अपग्रेड किया गया है, जिससे मैक्रो, पोर्ट्रेट और जूम मोड में फोटोग्राफी और बेहतर होगी।

लॉन्च की संभावित तिथि 2026 की दूसरी तिमाही बताई जा रही है, जब एक्स 9अल्ट्रा के साथ फाइंड एक्स9 एस भी पेश किए जा सकते हैं।

इसके अलावा, ओप्पो एक अल्ट्रा थिन फोन पर भी काम कर रहा है, हालांकि अभी इसका नाम और सीरीज का विवरण स्पष्ट नहीं है।



# द गर्लफ्रेंड कोई साधारण प्रेम कहानी नहीं : रश्मिका मंदाना

बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की रोमांटिक ड्रामा फिल्म द गर्लफ्रेंड जल्द ही रिलीज होने वाली है। हाल ही में मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। रश्मिका ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, यह कोई साधारण प्रेम कहानी नहीं, यह आपको सोचने पर मजबूर कर देगी। फिल्म द गर्लफ्रेंड का ट्रेलर रिलीज। फिल्म में अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ अभिनेता धीक्षित शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं। 2 मिनट 39 सेकंड के ट्रेलर में रश्मिका भूमा के किरदार में और धीक्षित विक्रम के किरदार में नजर आएंगे।
फिल्म 7 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, फिल्म में अनु इमैनुएल का किरदार भी अहम है। फिल्म तेलुगु के साथ-साथ हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में भी रिलीज की जाएगी। ट्रेलर में दिखाया गया है कि विक्रम (धीक्षित) को एक टॉक्सिक, डॉमिनेटिंग, घमंडी, हिंसक और शक्की बॉयफ्रेंड के रूप में दिखाया गया है, जबकि भूमा एक साधारण और सहज लड़की है, जो एक टॉक्सिक रिश्ते के बोझ में दबी है। ट्रेलर की शुरुआत में रश्मिका (भूमा) झिझकते हुए विक्रम से कहती है कि क्या हम थोड़ा ब्रेक ले सकते हैं? जिस पर रिएक्ट करते हुए विक्रम कहता है, ब्रेक का मतलब एक से ब्रेक है। इसके बाद कहानी पीछे जाती है, जहां विक्रम भूमा को प्रपोज करता है, जिसमें वह कहता है, परसों शुभ मुहूर्त है, चलो शादी कर लेते हैं। विक्रम को भूमा पर पूरा भरोसा है, लेकिन भूमा झिझकते हुए उसे बॉयफ्रेंड कहती है। फिल्म का लेखन और निर्देशन राहुल रविंद्रन ने किया है। हेशाम अब्दुल वहाब ने म्यूजिक दिया है और सिनेमैटोग्राफी कृष्णन वसंत ने की है। द गर्लफ्रेंड एक इमोशनल कहानी का वादा करती है, जो प्रेम और रिश्तों की जटिलताओं को उजागर करेगी।

# उर्वशी रौतेला के अलग-अलग तीन गानों रचा इतिहास



बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने वह कर दिखाया है जो अब तक किसी भारतीय अभिनेत्री ने हासिल नहीं किया। यूट्यूब पर उनके तीन गाने अलग-अलग तौर पर एक-एक अरब व्यूज़ के क़रीब पहुंच रहे हैं, जो मिलकर लगभग तीन अरब व्यूज़ का अभूतपूर्व आंकड़ा बनाते हैं। इसके साथ ही, वह न सिर्फ़ पहली, बल्कि इतनी कम उम्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाली सबसे युवा भारतीय अभिनेत्री बन गई हैं। यह जीत केवल संख्याओं की नहीं है—यह उनके वैश्विक प्रभाव, जबरदस्त लोकप्रियता और बेहतरीन स्क्रीन प्रेज़ेंस का प्रमाण है। भारत से लेकर दुनिया के तमाम देशों तक, संगीत प्रेमियों ने उर्वशी के गानों को अपनाया है और उन्हें अंतरराष्ट्रीय एंथम का दर्जा दिया है। हर गाना, जो अपने-अपने स्तर पर एक अरब व्यूज़ के करीब है, यह स्पष्ट करता है कि डिजिटल दुनिया में उनका प्रभाव कितनी तेज़ी से बढ़ रहा है। इस उपलब्धि की सबसे खास बात है उनकी सफलता की निरंतरता। ये कोई एक-दो बार वायरल होने वाले गाने नहीं हैं ये वो गाने हैं जिन्हें लोग बार-बार सुनते हैं, सेलिब्रेट करते हैं, नाचते हैं और पीढ़ियों व सीमाओं के पार शेयर करते हैं। ऐसे दौर में, जहाँ डिजिटल मौजूदगी ही प्रभाव को तय करती है, उर्वशी ने खुद को उस मुकाम पर पहुंचाया है जहाँ पहुंचना बहुतों के लिए नामुमकिन होता है। एक युवा प्रतिभा से अरबों दर्शकों द्वारा देखी जाने वाली ग्लोबल आर्टिस्ट बनने तक का उनका सफर केवल प्रेरणादायक ही नहीं ऐतिहासिक है। हर नए मुकाम के साथ वह धारणाएँ बदल रही हैं, महिला कलाकारों के लिए नए मानक गढ़ रही हैं और भारतीय टैलेंट को विश्व मंच पर नई ऊँचाइयों तक ले जा रही हैं।



# कशिका कपूर की शालीनता ने मंत्रमुग्ध कर दिया सभी को

हाल ही में कशिका कपूर 'पिच टू गेट रिच' की स्क्रीनिंग पर पहुंचीं। जो एक साधारण पापाराज़ी मोमेंट के रूप में शुरू हुआ था, वह कुछ ही पलों में वायरल सेंसेशन बन गया फैन्स और मीडिया दोनों उनकी शालीनता और स्वाभाविक आकर्षण से मंत्रमुग्ध रह गए। अब वायरल हो चुके वीडियो में कशिका अपने सिग्नेचर स्टाइल में रेड कार्पेट पर चलती नज़र आती हैं आत्मविश्वास से भरी हुई, लेकिन बिना किसी दिखावे के। न कोई ओवर-ड्रामैटिक अंदाज़, न कोई बनावट बस एक शांत आभा, जो बिना कोशिश के ही सबका ध्यान खींच लेती है। इंटरनेट जहां उनके पेस्टल मिंट आउटफिट की तारीफ़ कर रहा था, वहीं यह साफ़ दिख रहा था कि बात सिर्फ़ कपड़ों की नहीं थी बल्कि उनकी मौजूदगी की थी। कशिका ने खुद को उस शख्सियत के रूप में पेश किया जो जानती हैं कि वो कौन हैं और कहां जा रही हैं। हर फ़्रेम में उनके सफ़र की झलक थी एक उभरती हुई अदाकारा से लेकर भारतीय सिनेमा की नई लहर को परिभाषित करने वाले चेहरों में से एक बनने तक। कशिका की ख़ासियत उनकी संतुलन भरी शालीनता है ग्लैमर के बीच भी ज़मीन से जुड़ी हुई। वायरल होने के बावजूद, वो खुद को सच्चाई से पेश करती हैं अपनापन और आकर्षण का सुंदर मेल। इस इवेंट में उनका आत्मविश्वास और गरिमा एक बार फिर साबित करते हैं कि कशिका कपूर सिर्फ़ दिखने के लिए नहीं हैं बल्कि याद किए जाने के लिए हैं। मालूम हो कि कभी-कभी कोई रेड कार्पेट लम्हा सिर्फ़ फैशन तक सीमित नहीं रहता वो बन जाता है एक अभिव्यक्ति, व्यक्तित्व और शांत शक्ति का प्रतीक।

# बेबाकी और हिम्मत की मिसाल बनीं मल्लिका शेरावत


बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत ने परिवार के विरोध, समाज की बंदिशों और आलोचनाओं के बावजूद अपने सपनों की राह चुनी। हिंदी सिनेमा की दुनिया में नाम कमाना जितना आसान दिखता है, उतना ही कठिन होता है। इसके बावजूद मल्लिका ने हार नहीं मानी। मल्लिका कहती हैं कि अगर किसी चीज को



पाने की सच्ची चाह हो, तो दुनिया की कोई ताकत आपको रोक नहीं सकती। यही जिद उन्हें हरियाणा के छोटे से गांव से मुंबई तक ले आई और उन्होंने साबित कर दिया कि आत्मविश्वास और मेहनत से असंभव भी संभव हो सकता है। 24 अक्टूबर 1976 को जन्मी मल्लिका शेरावत का असली नाम रीमा लांबा है। परिवार ने उनके फिल्मों में आने के फैसले का कड़ा विरोध किया, लेकिन मल्लिका के मन में कुछ बड़ा करने की आग थी। उन्होंने घर छोड़ दिया और बिना किसी सहारे मुंबई पहुंच गईं। वह बताती हैं, 'जब मैं हरियाणा से मुंबई आई, मेरी जेब में दस रुपए थे या नहीं, किसी ने नहीं पूछा।
कोई लाल कालीन नहीं बिछा था। लेकिन मैंने ठान लिया था कि अपनी जिंदगी अपने नियमों से जीऊंगी।' मल्लिका ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की और अमिताभ बच्चन व शाहरुख खान जैसे दिग्गजों के साथ विज्ञापनों में काम किया। धीरे-धीरे उन्हें फिल्मों के ऑडिशन मिलने लगे और 2004 में आई फिल्म मर्डर ने उनकी किस्मत बदल दी। इस फिल्म ने मल्लिका को रातोंरात स्टार बना दिया और वह बॉलीवुड की सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में शामिल हो गईं। मल्लिका ने कहा, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि मर्डर इतनी बड़ी हिट होगी। मैं भट्ट साहब की फिल्में देखकर बड़ी हुई थी। इमरान हाशमी जेंटलमैन थे और बोल्ड सीन के बावजूद मैं हमेशा सुरक्षित महसूस करती थी।' फिल्म की सफलता के साथ मल्लिका को जहां शोहरत मिली, वहीं कई विवाद भी सामने आए।
उन्होंने कहा कि लोग उनके ऑन-स्क्रीन किरदार को उनकी असल जिंदगी से जोड़ने लगे। 'लोगों को लगता था कि अगर मैं स्क्रीन पर बोल्ड सीन कर सकती हूं तो निजी जीवन में भी वैसी ही हूं। लेकिन मैंने हमेशा कहा कि रील और रियल लाइफ अलग होती हैं,' मल्लिका ने कहा। मल्लिका ने अपनी जिंदगी में अनुशासन को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा, 'मैं शाकाहारी हूं, शराब-सिगरेट नहीं छूती, देर रात तक पार्टियों में नहीं जाती। मैं जल्दी सोती हूं, जल्दी उठती हूं और अपनी फिटनेस का पूरा ध्यान रखती हूं। मैंने कभी प्लास्टिक सर्जरी नहीं करवाई क्योंकि इसकी जरूरत ही नहीं पड़ी।' मल्लिका ने हॉलीवुड में जैकी चैन के साथ द मिथ में काम किया, कान्स फिल्म फेस्टिवल में शिरकत की और कमला हैरिस व बराक ओबामा जैसे दिग्गजों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि भले ही परिवार ने कभी नहीं कहा कि उन्हें उन पर गर्व है, लेकिन दुनिया से मिला सम्मान उनके लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है।'

# बॉलीवुड में हक से वर्तिका सिंह करेंगी डेब्यू

आगामी फिल्म हक बहुत जल्द रिलीज होने वाली है। बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी और यामी गौतम की इस फिल्म से पूर्व मिस यूनिवर्स इंडिया-सुपरमॉडल वर्तिका सिंह बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही है। इस फिल्म में वर्तिका एक ऐसी महिला की भूमिका निभाएंगी जो भावनात्मक रूप से बहुत मजबूत है। सुपर्ण वर्मा इस फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं। एक्ट्रेस 'द फैमिली मैन' और 'राणा नायडू' जैसी वेब सीरीज में अपने संजीदा अभिनय के लिए जानी जाती हैं। फिल्म में अपने रोल के लिए वर्तिका ने काफी ट्रेनिंग ली। उन्होंने कई भाषा के जानकारों से उनके किरदार के लिए बोलने का लहजा सीखा। कई वर्कशॉप भी लीं। वर्तिका सिंह लखनऊ की रहने वाली हैं।



इस फिल्म की शूटिंग लखनऊ में भी हुई है। मेकर्स का कहना है कि इस रोल के लिए वह बिलकुल परफेक्ट थीं। वर्तिका सिंह ने 2019 में मिस यूनिवर्स इंडिया का खिताब अपने नाम किया था। उन्होंने मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता के 68वें संस्करण में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इससे पहले उन्हें 2015 में फेमिना मिस इंडिया ग्रैंड इंटरनेशनल का ताज पहनाया गया। जीक्यू मैगजीन ने उन्हें 2017 में भारत की सबसे खूबसूरत महिलाओं में शुमार किया था। फिल्म हक की कहानी साल 1985 के प्रसिद्ध शाह बानो बनाम अहमद खान केस से प्रेरित है, जो महिला अधिकारों और सामाजिक न्याय की दिशा में एक मील का पत्थर माना जाता है। फिल्म में यामी गौतम शाह बानो का किरदार निभा रही हैं, जबकि इमरान हाशमी उनके पति मोहम्मद अहमद खान की भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म हक को सुपर्ण एस वर्मा ने डायरेक्ट किया है। इसमें शीबा चड्ढा, दानिश हुसैन और असीम हट्टंगडी जैसे कलाकार भी हैं। यह फिल्म 7 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म की कहानी मशहूर जर्नलिस्ट जिग्ना वोरा की बुक बानो- भारत की बेटी पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद जिग्ना वोरा ने कहा था कि फिल्म में सभी कलाकारों ने अपने-किरदार के साथ न्याय किया है।



# फिल्म इंडस्ट्री के एक हिस्से में स्थायी सोच पनपी हुई है: अभिनव कश्यप

बालीवुड फिल्म निर्देशक अभिनव कश्यप ने सुपर स्टार सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान के संदर्भ में अपने अनुभव और नाखुशी जाहिर की। अभिनव ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री के एक हिस्से में एक स्थायी सोच पनपी हुई है जो नए नजरिये और क्रिएटिविटी को दबा देती है। उनके मुताबिक इंडस्ट्री में यह धारणा फैली है कि फिल्में हीरो के दम पर चलती हैं और फ्लॉप होने पर निर्देशक को ही जिम्मेदार ठहराया जाता है जिसे उन्होंने जिहादी मानसिकता तक कह डाला। अभिनव ने बताया कि शाहरुख के साथ उनकी करीबी बातचीत रही है और आमिर के साथ भी उन्होंने काम किया है, इसलिए उनके अनुभवों की बुनियाद पर वे इन टिप्पणियों को कर रहे हैं।
शाहरुख के बारे में वे कुछ बातें सार्वजनिक नहीं करना चाहते क्योंकि उनका मानना है कि इससे शाहरुख के परिवार पर असर पड़ सकता है अगर मैं उनके खिलाफ खुल जाऊं तो बहुत कुछ बिगड़ जाएगा, उन्होंने कहा। उन्होंने जोर देकर कहा कि शाहरुख को वे एक पारिवारिक व्यक्ति समझते हैं और उनके घर-परिवार को संकट में नहीं डालना चाहते। वहीं आमिर खान को लेकर अभिनव ने कड़ा रुख अपनाया और उन्हें सबसे चालाक लोमड़ी और मैनिपुलेटिव बताया। उन्होंने कहा कि आमिर ने उन्हें भी कई बार मैनिपुलेट किया और उनके काम करने के तरीके पर भी सवाल उठाए। अभिनव ने यह भी दावा किया कि आमिर कई बार कई टेक्स लेते हैं जबकि उनका पहला और आखिरी टेक समान रहता है और उन्होंने कुछ व्यक्तिगत किस्सों का भी जिक्र किया।
सलमान खान पर अभिनव ने पहले भी तीखी बातों की हैं और इस इंटरव्यू में उन्होंने फिर उनसे जुड़ी आलोचनात्मक टिप्पणियां दोहराईं। साथ ही उन्होंने सलीम खान और कुछ अटकलों को जोड़ते हुए विवादित शब्दों का प्रयोग किया, जिनमें उन्होंने लव जिहादी और थूक जिहादी जैसे उपमाओं का इस्तेमाल किया। ये टिप्पणियां सोशल और व्यक्तिगत व्यवहार पर उनकी व्यंग्यात्मक टिप्पणी के रूप में आईं। अभिनव के बयान बॉलीवुड के भीतर चल रहे गहन गुटबाजी और शक्ति-संबंधों की चर्चा को फिर से हवा देंगे। उनके आरोपों और टिप्पणियों ने इंडस्ट्री में सार्वजनिक बहस को नई त्वरितता दी है, जबकि जिन पर निशाना साधा गया है उन्होंने अभी तक आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# श्रद्धा दास आईएमडीबी की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में पहुंची



बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा दास सीरीज़, सर्च- द नैना मर्डर केस में उनके रोल ने उन्हें आधिकारिक आईएमडीबी की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में पर पहुँचा दिया है। एक्ट्रेस पैन इंडिया स्टार अब शाहरुख खान, सलमान खान, जान्हवी कपूर, कियारा आडवाणी और कोंकणा सेन शर्मा जैसी हस्तियों से आगे निकल गई हैं। आईएमडीबी रैंक में इस नाटकीय उछाल के बारे में जानकर अभिनेत्री ने आश्चर्य व्यक्त किया। दास ने कहा, मुझे इस बारे में पता नहीं था जब तक कि मेरे एक दोस्त ने मुझे यह नहीं भेजा और 15 से 4 पर आने के कारण मैं बहुत अभिभूत और हैरान थी! सीरीज़ में रक्षा का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री ने अपनी इस नई पहचान का श्रेय दर्शकों के प्यार को दिया। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता था कि सर्च- द नैना मर्डर केस सीरीज़ में मेरा रक्षा का किरदार मुझे दर्शकों से इतना प्यार दिलाएगा!

# रोम में छुट्टियों का भरपूर आनंद लिया सैयामी खेर ने

हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री सैयामी खेर ने इटली की राजधानी रोम में अपनी छुट्टियों का भरपूर आनंद लिया। सैयामी ने इस यात्रा को खास बनाने के लिए दो सबसे प्रिय चीजों को जोड़ा। पहला परिवार के साथ समय बिताना और दूसरा दौड़ना। एक्ट्रेस ने बताया कि जब भी वह किसी नए शहर में जाती हैं, तो वहां की सड़कों पर दौड़ना उनके लिए उस जगह को महसूस करने का एक अनोखा तरीका है। इस बार भी उन्होंने अपने माता-पिता और बहन के साथ रोम के ऐतिहासिक और खूबसूरत नजारों का आनंद लिया और साथ ही रोम हाफ मैराथन में हिस्सा लेकर अपनी यात्रा को यादगार बना दिया। सैयामी ने कहा, 卐मेरे लिए किसी शहर को जानने का सबसे अच्छा तरीका है पैदल चलना या दौड़ना। रोम में दौड़ना एक अद्भुत अनुभव था। दौड़ के दौरान मैंने स्पेनिश स्टेप्स, ट्रेवी फाउंटेन और कोलोसियम जैसी प्रतिष्ठित जगहों से होकर गुजरते हुए शहर की ऊर्जा को महसूस किया।
हर मोड़ पर इतिहास और संस्कृति की झलक मिल रही थी।卐 उन्होंने बताया कि दौड़ के दौरान मौसम बेहद सुहावना था और ताजी हवा ने पूरे अनुभव को और भी खास बना दिया। सैयामी ने आगे कहा, 卐कुछ पल ऐसे थे जब लगा ही नहीं कि मैं दौड़ रही हूं। मैं बस मुस्कुरा रही थी और रोम के माहौल में खो गई थी। 21 किलोमीटर की दौड़ पूरी करने के बाद मैंने पिज्जा और आइसक्रीम खाई और हर निवाले का पूरा आनंद लिया।卐 अभिनेत्री ने कहा कि उनके लिए दौड़ना सिर्फ एक फिटनेस एक्टिविटी नहीं, बल्कि आत्मिक संतुलन पाने का जरिया है। रोम की यात्रा के दौरान सैयामी ने परिवार के साथ शहर की ऐतिहासिक गलियों और प्रसिद्ध स्थलों की सैर भी की। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी छुट्टियों की झलकियां साझा कीं, जिन्हें उनके फैंस ने खूब पसंद किया। सैयामी का कहना है कि परिवार के साथ समय बिताना उन्हें मानसिक रूप से तरोताजा कर देता है और इससे उन्हें नए प्रोजेक्ट्स के लिए ऊर्जा मिलती है। सैयामी का कहना है कि यह प्रोजेक्ट उनके लिए बेहद खास है और उन्होंने इसमें अपनी भूमिका को लेकर काफी मेहनत की है। रोम की सड़कों पर सैयामी खेर का यह दौड़ता हुआ सफर न सिर्फ फिटनेस के प्रति उनके जुनून को दिखाता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि जीवन के हर पल को पूरे दिल से जीना ही असली सफलता है। मालूम हो कि सैयामी के प्रशंसक उनकी आने वाली फिल्म हैवान का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित यह फिल्म 2016 की मलयालम सुपरहिट ओप्पम का हिंदी रीमेक है। फिल्म में सैयामी के साथ सैफ अली खान, अक्षय कुमार, बोमन ईरानी और श्रिया पिलगांवकर जैसे सितारे नजर आएंगे।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in